वर्ष- 21 अंक - 228 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

# सिटी ब्लास्ट

दोपहर दैनिक
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, रविवार 01 फरवरी 2026

## शादी से पहले संबंध बनाने पर मारे 140 कोड़े, युवती हुई बेहोश

**जकार्ता.एजेंसी।** इंडोनेशिया के आचे प्रांत में शरिया कानून तोड़ने पर एक अविवाहित जोड़े को सबके सामने 140 कोड़े मारे गए जिससे युवती बेहोश हो गई। दोनों पर शादी से पहले संबंध बनाने और शराब पीने का आरोप था।

## बजट के दिन भूचाल

# चांदी 26 हजार, सोना 13 हजार टूटा

## गिरकर संभला शेयर बाजार, कमर्शियल सिलेंडर 50 रुपए महंगा हुआ

### सिगरेट और पान मसाला पाउच के दाम भी बढ़े

**रविवार.एजेंसी।** आज मोदी सरकार का बजट पेश हो रहा है, लेकिन बजट के बाहर आज बाजार में भूचाल की स्थिति है। आज रविवार के दिन भी सुबह-सुबह बाजार खुले और खुलते ही चांदी 26000 रुपए किलो टूट गई, जबकि सोना भी 13000 रुपए प्रति तोला कम हो गया। गुरुवार को चांदी 4 लाख पार और सोना 1,93,000 पहुंचा था। इसके बाद शुक्रवार को चांदी 2,92,000 के करीब और सोना 1,50,000 के करीब आ गया था, लेकिन आज चांदी 2,66,000 के करीब आ गई। जबकि सोना भी 1,80,000 के करीब आ गया। उधर शेयर बाजार भी आज गिरावट के साथ खुला, लेकिन बाद में शेयर बाजार ने रिकवरी की और बाजार में तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स 200 अमकों से ज्यादा तथा निफ्टी 50 अंक की तेजी के साथ कारोबार करता नजर आया।

आज बजट के दिन ही कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम भी 50 रुपए बढ़ गए। जबकि घरेलू सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। आज से ही सिगरेट और पान मसाला पाउच भी महंगे हो गए।

# पहली बार बजट का संडे

## मोदी सरकार की तीसरी पारी का तीसरा बजट

### 9वां बजट पेश कर रही हैं निर्मला सीतारमण



**नई दिल्ली.एजेंसी।** आज मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का तीसरा बजट संसद में पेश किया जा रहा है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण लगातार 9वीं बार यह बजट पेश कर रही हैं। देश के इतिहास में पहली बार रविवार के दिन बजट पेश हो रहा है। इस बजट में इनकम टैक्स में बड़े ऐलान की उम्मीद कम है, फिर भी 13 लाख की इनकम टैक्स फ्री होने की उम्मीद है। इस बजट से जहां टैक्सपेयर्स को राहत की उम्मीद है तो वहीं मिडिल क्लास से लेकर गांव-किसान की नजरें भी सरकार पर टिकी हैं। बजट में

### राष्ट्रपति ने वित्तमंत्री को दही-चीनी खिलाया

इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं को बढ़ावा देने के लिए छूट संभव है। जबकि होम लोन के इंटरेस्ट पर टैक्स डिडक्शन की लिमिट मौजूदा 2 लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपये की जा सकती है। इस बजट में किसानों, युवाओं, महिलाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि सहित हर वर्ग के लोगों के लिए कई घोषणाएं हो सकती हैं। वित्तमंत्री सीतारमण ने बजट पेश करने से पहले राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु से मुलाकात की और उनकी मंजूरी ली। इस मौके पर राष्ट्रपति ने निर्मला सीतारमण को दही-चीनी खिलाई।




### इतिहास के करीब पहुंचीं निर्मला

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज लगातार नौवीं बार केंद्रीय बजट पेश कर रही हैं। वे अगले वित्त वर्ष में बजट पेश करते ही पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई की बराबरी कर लेंगी, जिन्होंने अपने कार्यकाल में कुल 10 बार बजट पेश किया था।

### भाजपा करेगी बजट का प्रचार

भाजपा के तमाम नेता देशभर में 150 से ज्यादा प्रेस कांफ्रेंस कर बजट की प्रमुख बातें आम लोगों तक पहुंचाएंगे।

## गुजरात जा रहा मप्र का परिवार हादसे का शिकार, तीन की मौत

**शाजापुर.एजेंसी।** मध्यप्रदेश से गुजरात जा रहे एक परिवार की कार एक ट्रक से टकरा गई जिससे कार के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई और एक बच्चा बुरी तरह घायल हो गया। यह हादसा गुजरात के बोटाद जिले के राणपुर के पास स्थित किनारा चौकड़ी पर देर रात में हुआ।

### भीषण टक्कर में 6 मरे

उधर पटना में आज सुबह तेज रफ्तार ट्रक ने एक ऑटो को टक्कर मार दी जिससे ऑटो में सवार 6 लोगों की मौत हो गई और 2 गंभीर रूप से घायल हो गए।

## सिद्धू की पत्नी ने छोड़ी कांग्रेस



**चंडीगढ़.एजेंसी।** पूर्व क्रिकेटर और भाजपा से कांग्रेस में गए नवजोत सिंह सिद्धू की पत्नी डॉ. नवजोत कौर सिद्धू ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग पर कांग्रेस को कमजोर करने और मनमानी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मैं ऐसी पार्टी छोड़ रही हूं जहां काबिल और भविष्य के नेताओं की आवाज़ नहीं सुनी जाती।' उन्होंने कांग्रेस में अनुशासन के क्षरण और नेतृत्व की कमजोरी पर भी निराशा जताई।

## गाजा में बमबारी 30 से ज्यादा की मौत

**गाजा.एजेंसी।** गाज़ा में युद्धविराम के बाद इजरायल ने सबसे भीषण हवाई हमले किए, जिनमें 30 से अधिक लोग मारे गए।

## रामजी के तीर से फूट गई रावण की आंख

**सोनभद्र.एजेंसी।** सोनभद्र जिले के खैरा गांव में रामलीला के दौरान रामजी द्वारा चलाए गए तीसर से रावण की आंख फूट गई। जब राम बने कलाकार और रामलीला आयोजकों ने रावण का इलाज नहीं कराया तो उसने एससी-एसटी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया।

## ई-ट्राइसाइकिल की बैटरी फटी दिव्यांग शिक्षक की जिंदा जलकर मौत

**बैतूल.एजेंसी।** मध्य प्रदेश के बैतूल के सरनी नगर में ई ट्राइसाइकिल की बैटरी फटने से 30 साल के दिव्यांग शिक्षक की जिंदा जलकर दर्दनाक मौत हो गई। बैटरी में ब्लास्ट के बाद आग लग गई।

## माघी पूर्णिमा पर लाखों ने लगाई आस्था की डुबकी



**रविवार.एजेंसी।** माघी पूर्णिमा के मौके पर आज प्रयागराज में लाखों लोग आस्था की डुबकी लगाने के लिए संगम तट पर मौजूद हैं। सुबह 8 बजे तक यहां 90 लाख से ज्यादा लोग आस्था की डुबकी लगा चुके थे। इसी दौरान आज सुबह एक शिविर में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। अयोध्या में भी घने कोहरे के बीच लाखों लोग सरयू नदी में डुबकी लगा रहे हैं। उज्जैन में क्षिप्रा, ओंकारेश्वर में नर्मदा नदी में भी आज आस्था की डुबकी लग रही है।

## कड़ाके की ठंड में रात 3 बजे सड़क पर दिया बच्चे को जन्म

**विदिशा.एजेंसी।** विदिशा के पठारी इलाके में मानवता को शर्मसार करने वाली एक तस्वीर सामने आई है। जहां एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंची, जिसके चलते महिला की डिलीवरी कड़ाके की ठंड के दौरान रात में 3 बजे टॉर्च की रोशनी में सड़क पर कराई गई। परिजनों ने 108 एंबुलेंस को बार-बार फोन किया और तीन घंटे तक इंतज़ार हुआ, लेकिन एंबुलेंस नहीं आई, जिसके कारण सड़क पर डिलीवरी कराई।

# महापौर और पार्षद ने अधिकारियों के साथ किया दौरा

## सिरपुर रामसर साइट, कचरा ट्रांसफर स्टेशन एवं ग्रीन वेस्ट प्लांट का किया निरीक्षण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा सिरपुर तालाब क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। क्षेत्रीय पार्षद महेश चौधरी, एमआईसी सदस्य अश्विनी शुक्ला, अधिकारी प्रखर सिंह, सुमित अस्थाना मौजूद थे। सभी ने सिरपुर तालाब रामसर साइट क्षेत्र में आगामी वेटलैंड डे के आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए विभागीय अधिकारियों के साथ तालाब परिसर का अवलोकन किया गया। तालाब क्षेत्र की स्वच्छता, संरक्षण, सौंदर्यीकरण एवं व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश महापौर ने दिए, ताकि वेटलैंड-डे के अवसर पर नागरिकों एवं पर्यावरण प्रेमियों को एक सकारात्मक संदेश दिया जा सके। इसके पश्चात महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा सिरपुर क्षेत्र में निर्माणाधीन कचरा ट्रांसफर स्टेशन (जीटीएस) का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि नवीन जीटीएस में कैप्सूल हेतु दो शेड का निर्माण प्रस्तावित है, जिनमें से एक शेड का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। महापौर द्वारा शेष शेड का निर्माण कार्य आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण से पूर्व पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए, भार्गव ने सिरपुर के समीप निर्माणाधीन ग्रीन वेस्ट प्लांट का भी निरीक्षण किया।





## गर्भ संस्कार विषय पर पुस्तक विमोचित

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आज रविवार को दिव्य संतान प्रकल्प गर्भ संस्कार की शुरुआत होने जा रही है। डेली कालेज में होने वाले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, और संघ के भैयाजी जोशी मौजूद रहेंगे। उसके पहले कल शनिवार को गर्भ संस्कार पुस्तक क़ा विमोचन सांसद शंकर लालवानी, डॉ. अनिल गर्ग, डॉ. सीमा गर्ग मौजूद थे।

# शिवसेना ने सौंपा नशा के खिलाफ ज्ञापन

## दिग्विजय नगर मल्टी में गड़बडी पर एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई की मांग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



द्वारकापुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित दिग्विजय नगर मल्टी में नशे का अवैध कारोबार तेजी से फैल रहा है। यहां एमडी ड्रग्स, गांजा, चरस जैसे मादक पदार्थ खुलेआम उपलब्ध होने से क्षेत्र का सामाजिक वातावरण गंभीर रूप से दूषित हो चुका है। इस गंभीर स्थिति को लेकर शिवसेना युवा सेना इंदौर जिला प्रमुख के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने द्वारकापुरी थाने का घेराव कर थाना प्रभारी को सहायक पुलिस आयुक्त अन्नपूर्णा क्षेत्र के नाम ज्ञापन सौंपा और एनडीपीएस एक्ट के तहत कठोर कार्रवाई की मांग की। धनराज दामके युवा सेना जिला प्रमुख, मनीष शिन्दे महानगर प्रमुख,राजेश मराठा, सुरेन्द्र सिंह ठाकुर, सुनिल सोलंकी,चंदन कायस्त, संजय कलमे, शंकर चौहान, राजेश अरोरा, मस्टर मनोज परमार, गोलू परमार, कृष्णा ठाकरे, राम चाकरे सहित सैकड़ों शिवसेना कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्रवाई नहीं होने पर धरना, प्रदर्शन, घेराव की चेतावनी भी शिवसेनिकों ने दी है।

# केन्द्रीय मंत्री और सांसद ने किया स्टेशन का निरीक्षण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



केन्द्रीय रेल एवं जल शक्ति राज्य मंत्री वी. सोमन्ना इंदौर प्रवास के दौरान इंदौर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा की तथा किये जा रहे निर्माण कार्यों एवं यात्री सुविधा से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता से करने हेतु निर्देशित किया। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अनुसार, कंस्ट्रक्शन कार्यालय में आयोजित बैठक में इंदौर स्टेशन रीडेवलपमेंट सहित क्षेत्र में चल रहे विभिन्न रेलवे विकास एवं निर्माण कार्यों पर पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में स्टेशन रीडेवलपमेंट की प्रगति, यात्री सुविधाओं के विस्तार, संरचनात्मक कार्यों, समयबद्ध निष्पादन एवं गुणवत्ता नियंत्रण जैसे विषयों पर चर्चा की गई। 'इस अवसर पर सांसद शंकर लालवानी द्वारा मंत्री को इंदौर क्षेत्र में रेलवे के अंतर्गत संचालित प्रमुख विकास एवं निर्माण परियोजनाओं के संबंध में अवगत कराया गया। इसमें इंदौर–दाहोद नई रेल लाइन, इंदौर–खंडवा रेल खंड का आमान परिवर्तन, इंदौर-मनमाड नई रेल लाइन, इंदौर-बुधनी नई रेल लाइन सहित अन्य प्रगतिरत परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति के साथ-साथ लगभग 75 वर्ष पुराने शास्त्री ब्रिज के पुनर्निर्माण के प्रस्ताव पर चर्चा की गई तथा क्षेत्र की भविष्य की आवश्यकताओं पर भी विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई।'

# विधायक रहे मीडिया कर्मियों के आयोजन में मौजूद






**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मीडिया सीरीज सीजन 15 के चार दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन क्वाटर फाइनल में रोचक मुकाबले देखने को मिले। जिसमें 4 विजयी टीमों ने सेमी फाइनल में प्रवेश किया। आज रविवार को सेमी फाइनल और फाइनल मैच खेले जाएंगे। कल मैच के दौरान विधायक मालिनी गौड, मधु वर्मा, पूर्व महापौर कृष्णमुरारी मोघे, पूर्व विधायक अंतरसिंह दरबार, अधिकारी संतोषसिंह, राजेश दंडोतिया, क्षितिज सिंघल एवं कई कांग्रेस भाजपा नेता और अन्य संगठनों के पदाधिकारी भी पहुंचे। दीपक कर्दम, प्रदीप जोशी, संजय त्रिपाठी, प्रियंका पंड्या, अभय तिवारी, विजय भट्ट, श्याम कामले, अरविन्द तिवारी, सुनील जोशी, रामेश्वर गुप्ता, मनोजसिंह ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

# युवा संवाद को लेकर बैठक



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

युवा मोर्चा द्वारा आयोजित युवा संवाद आयोजन 6 मार्च को लाभ मंडपम में आयोजित होगा। इस बैठक के पूर्व युवा संवाद को लेकर भाजपा कार्यालय में बैठक में चर्चा भी की गई। बजट सत्र को लेकर भी बैठक के अलावा युवा संवाद पर भी चर्चा की गई। युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष सौगात मिश्रा ने भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा के एक वर्ष पूर्ण होने पर स्वागत भी किया। इस दौरान अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।



# विकास कार्यों का किया लोकार्पण

## वार्ड 17 में दी 6 विकास कार्यों की सौगात

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विधानसभा 1 के वार्ड 17 में 1 करोड़ 88 लाख की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण किया। पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, पार्षद शिवम यादव ने इस विकास कार्य की सौगात दी। पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने उद्बोधन भी दिया। विधानसभा 1 के 13 स्थानों पर जनता से सीधा संवाद भी किया गया। कुशवाह नगर, प्रिंस नगर, ऋषि नगर-रोशन नगर, अंजनी नगर, कुशवाह श्रीनगर में यह सौगाते दी गई।

**जैसा दिनकर नाम वैसा काम**

# माता-पिता की स्मृति को चिरस्थाई करने संस्था को सौंपा मकान

## नव निर्माण होकर विकसित होगा ज्ञान केंद्र

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** कई लोग अपने जीवन में जैसा नाम वैसा काम करते है। ऐसा ही एक उदारहरण संघ से जुड़े दिनकर सबनीस ने प्रस्तुत किया। जिस प्रकार दिनकर यानि सूरज का काम रोशनी देना है, वैसे ही दिनकर ने सेवा कार्य हेतु अपने माता पिता की स्मृति को चिरस्थाई करने मकान संस्था को सौंपा है। संस्था द्वारा यहां ज्ञानकेंद्र स्थापित कर लोगों के जीवन को रोशन किया जाएगा। संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं ग्राहक पंचायत केंद्रीय संगठन मंत्री दिनकर सबनीस ने संगम नगर स्थित अपना बंगला संस्था यूथ विंग्स वेलफेयर सोसाइटी को सौंपा है। उन्होंने बताया कि उनके माता-पिता की इच्छानुसार यह काम उन्होंने किया है। उनके पिता रिटायर्ड पुलिस अफसर थे। हालांकि मेरे माता पिता का एक दशक से अधिक समय पहले ही निधन हो गया था। जिसके बाद अब उन्होंने माता पिता की इच्छा को पूरा किया। संस्था द्वारा यहां ज्ञानकेंद्र खोला जाना है। जिसमें अभावग्रस्त बालक एवं बालिकाओं की उच्चशिक्षा एवं साधन उपलब्ध करवाए जाएंगे।मुख्य रूप से 6 प्रकल्प लेकर काम किया जाएगा। जिसमें समग्र सामाजिक एवं ग्रामीण विकास का संकल्प शामिल है। प्रकल्पों के पीछे विचार यह है कि राष्ट्र का सशक्त भविष्य तभी संभव है, जब विकास के साथ-साथ प्रकृति, कृषि, शिक्षा का कार्य किया जाए। इसलिए



पर्यावरण संरक्षण एवं जल संधारण,खाद्य सुरक्षा एवं फूड टेस्टिंग प्रयोगशाला की स्थापना, आधुनिक एवं रसायन-रहित जैविक खेती को बढ़ावा, वैकल्पिक चिकित्सा, वैदिक परंपरा, पुरोहित्य, वास्तु एवं ज्योतिष प्रशिक्षण और वंचित एवं मेधावी छात्रों के लिए शिक्षा सहयोग प्रकल्प शामिल है।

### सीएम भी होंगे शामिल

इस हेतु आज एक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव, वरिष्ठ प्रचारक सुरेश सोनी सहित कई लोग शामिल होंगे।

### पदाधिकारी तय

संस्था यूथ विंग्स वेलफेयर सोसाइटी की स्थापना वैसे तो करीब 10 वर्षों पहले हुई थी, लेकिन अब संस्था के प्रकल्पों में बदलाव के बाद पदाधिकारियों में भी बदलाव किया गया है। संस्था के अध्यक्ष हरीश ठाकुर, उपाध्यक्ष कृष्ण सिंह, सचिव अभय लंगड़ेकर, कोषाध्यक्ष देवेंद्रसिंह सिसोदिया, संयुक्त सचिव अनिल मालगावकर के अलावा सूर्यांश दिया और कुशल गोयल संस्था के सदस्य होंगे।

# भाजपा सभी 35 मंडलों में करा रही है बजट का सीधा प्रसारण

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** आज रविवार को केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार का बजट पेश हो रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बजट पेश कर रही है। नगर भाजपा ने अपने आज सभी 35 मंडलों में सीधा बजट प्रसारण का आयोजन रखा है। सभी मंडल में पूर्व से तैयारी की गई और बड़ी संख्या में मंडल और मंडल के अन्तर्गत आने वाले वार्ड पदाधिकारी व सदस्य केन्द्रीय बजट को देख रहे हैं। सुमित मिश्रा ने बताया कि हर मंडल में अतिथि वक्ता भी तय किए गए हैं, जो बजट के बाद बजट की उपलब्धियों पर चर्चा करेंगे। भाजपाइयों के अलावा प्रबुद्धजन, व्यापारी, रहवासी, मल्टियों के रहवासी भी मौजूद है। भाजपा ने जो अतिथि बनाए उनमें प्रमुख रूप से सुदर्शन गुप्ता, दीपक जैन टीनू, सत्यनारायण सत्तन, बाबूसिंह रघुवंशी, चंदूराव शिंदे, महेश डालिया, आलोक दुबे, ज्योति पंडित, घनश्याम शेर, कैलाश शर्मा, जीतू जिराती, महेश कुकरेजा, कृष्णमुरारी मोघे, अजीत रघुवंशी, सुधीर देड़गे, आलोक डाबर, ज्योति तोमर, नासिर शाह, मदनमोहन प्रजापत, सेम पावरी, बलराम वर्मा, अंजू माखीजा, जवाहर मंगवानी, गोपीकृष्ण नेमा, अशोक अधिकारी, सावन सोनकर प्रमुख है।

# कांग्रेस के धरना प्रदर्शन के पहले आज 2 बैठक

## प्रभारी, विधानसभा प्रभारी भी रहेंगे मौजूद, धरना में पटवारी रहेंगे उपस्थित

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** शहर कांग्रेस द्वारा भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से हुई बड़ी संख्या में मृतक परिवारों को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस द्वारा 3 फरवरी को धरना-प्रदर्शन का आयोजन राजवाड़ा पर किया जाएगा। चिंटू चौकसे, दीपू यादव ने बताया कि पीड़ित परिवारों को एक करोड़ का मुआवजा, सरकारी नौकरी देने और इस घटना के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज करने की मांग भी धरना में की जाएगी, साथ ही कांग्रेस मांग करेगी कि सभी क्षेत्रों में नागरिकों को शुद्ध और स्वच्छ पेयजल मिले और कोई घटना भागीरथपुरा जैसी घटित ना हो। धरना के माध्यम से मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और महापौर पुष्यमित्र भार्गव, पार्षद कमल वाघेला से इस्तीफे की मांग की जाएगी। यह धरना दो दिन बाद 3 फरवरी को शाम 4 बजे से राजवाड़ा पर होगा। इस धरना में शहर और जिला अध्यक्ष चिंटू चौकसे, विपिन वानखेड़े के अलावा प्रदेश कांग्रेस की सहप्रभारी उषा नायडू, संजीव सक्सेना, सज्जनसिंह वर्मा और प्रदेश कांग्रेस और शहर कांग्रेस द्वारा घोषित हर विधानसभा के प्रभारी भी मौजूद रहेंगे। आज शाम 5 बजे शहर कांग्रेस और निगम नेताप्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने पार्षद दल की बैठक गांधी भवन में बुलाई है। वहीं शाम 6 बजे सभी ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक इसी धरना मुद्दे पर आयोजित की है। बैठक में उषा नायडू, संजीव सक्सेना, सज्जनसिंह वर्मा, चिंटू चौकसे, विपिन वानखेड़े, संजय बाकलीवाल, दौलत पटेल एवं सभी विधानसभा प्रभारी भी मौजूद रहेंगे। ब्लॉक अध्यक्षों और पार्षदों के माध्यम से 3 फरवरी के धरना-प्रदर्शन को लेकर रणनीति बनाई जाएगी। वहीं जिला कांग्रेस 3 फरवरी को धरना-प्रदर्शन के पहले दोपहर 12 बजे गांधी भवन में बैठक करेंगे। इसमें प्रदेश कांग्रेस और जिला कांग्रेस द्वारा घोषित विधानसभा प्रभारी के अलावा जिला अध्यक्ष और संगठन महामंत्री भी मौजूद रहेंगे। महत्वपूर्ण बात यह है कि धरना-प्रदर्शन में जीतू पटवारी शामिल होंगे और पटवारी के आने से कांग्रेसियों की उपस्थिति भी ठीक रहने की संभावना जताई जा रही है।



# विहिप पदाधिकारियों ने किया संत को याद

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल पदाधिकारियों ने रूस्तम का बगीचा में संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज को याद कर माल्यार्पण किया। सामाजिक समरसता का संदेश भी दिया। अन्नू गेहलोत ने उक्त जानकारी दी।

# जैन समाज की बैठक में समाजजनों को बुलाने की जुगत

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** दिगम्बर जैन समाज सामाजिक संसद में मंदिरों के प्रतिनिधियों के माध्यम से अध्यक्ष चुनने की कवायद को लेकर आज दिगम्बर जैन समाजजनों की बड़ी बैठक दोपहर 2 बजे महावीर बाग बिजासन रोड पर बुलाई गई है। इसके लिए मैसेज भी किए गए हैं, फोन भी लगाए गए हैं। ज़्यादा से ज्यादा संख्या हो इसकी जुगत लगातार एक सप्ताह से की जा रही है। पुराने दोनों धड़ों के अध्यक्षों ने मिलकर सामाजिक संसद के अध्यक्ष पद पर विनय बाकलीवाल की नियुक्ति कर दी थी जिसे दूसरा धड़ा संवैधानिक नहीं बता रहा है। ऐसा लगता है कि एक और सामाजिक संसद की तैयारी की जा रही है, जिसे मंदिरों के प्रतिनिधियों के माध्यम से वास्तविक सामाजिक संसद का अमली जामा पहनाया जा सके। आज बैठक में मंदिर के प्रतिनिधियों को भी बुलवाया गया है।



# सैलरी खाता धारकों को बैंक देगा सुविधा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** एम.पी. ट्रांसको के सैलरी खाता धारकों के लिये बैंक ऑफ महाराष्ट्र गवप्राइड सुविधा देगा। इसे लेकर एमओयू किया गया।

# प्रबुद्धजन संवाद कार्यक्रम

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** डेली कॉलेज हॉल में आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में प्रबुद्धजन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि आज केन्द्र सरकार के बजट का सीधा प्रसारण भी डेली कॉलेज के हॉल में किया जा रहा है। मुख्यमंत्री और प्रबुद्धजनों, अर्थशास्त्री, डॉक्टर्स, चार्टर्ड अकाउंटेंड, एडवोकेटस, आर्थिक विषय के विशेषज्ञों के साथ बजट का लाइव प्रसारण देखेंगे, उसके पश्चात मुख्यमंत्री डॉ यादव प्रबुद्धजनों से बजट पर संवाद करेंगे।



# संत की प्रतिमा पर माल्यार्पण



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की जयंती पर रूस्तम का बगीचा में प्रतिमा पर माल्यार्पण आशीष मौर्य, उमेश नीम, अर्पित, नरेन्द्र, सनी, बालकृष्णा, चिंटू सहित अन्य ने किया।

# मासूम की हत्या में मुख्य आरोपी रिमांड पर

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। एमआईजी थाना क्षेत्र के श्रीनगर का-कड़ इलाके में 13 वर्षीय मासूम की निर्मम हत्या के मामले में पुलिस की जांच में कई रूह कंपा देने वाले तथ्य सामने आए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और प्राथमिक पूछताछ के आधार पर पुलिस का मानना है कि आरोपियों ने हत्या से पहले बच्चे के साथ दुष्कृत्य करने की कोशिश की थी। पुलिस ने मुख्य आरोपी रेहान को रिमांड पर लेकर पू-छताछ शुरू कर दी है, जबकि वारदात में शामिल उसके फरार ताऊ और अन्य सहयोगियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

जांच में यह बेहद चौंकाने वाली बात सामने आई है कि आरोपियों ने मासूम की जान लेने के लिए क्रूरता की सारी हदें पार कर दी थीं। पोस्टमार्टम के दौरान शरीर पर मिले निशानों से पता चला है कि हत्यारों ने नायलॉन की रस्सी से एक-दो बार नहीं, बल्कि कुल आठ बार बच्चे का गला घोंटा था। जब उन्हें लगा कि मासूम मर चुका है, तब साक्ष्य मिटाने और पहचान छुपाने की नीयत से उसके चेहरे पर ईंट से ताबड़तोड़ वार किए गए। घटनाक्रम के अनुसार, आरोपी रेहान (21) ने अपने साथी रिजवान के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया और बाद में साक्ष्य छिपाने के लिए शव को अपने ही घर की पलंग पेटी में डालकर ऊपर अपनी बीमार दादी को सुला दिया था।

पुलिस को संदेह है कि इस जघन्य अपराध और साक्ष्य छिपाने की साजिश में रेहान के परिवार के अन्य सदस्य भी शामिल हो सकते हैं। इसी आधार पर पुलिस ने पूछताछ के लिए रेहान की मां और दादी को थाने में बैठाया है। उधर, वारदात के बाद से फरार आरोपी के ताऊ अब्दुल रफीक की तलाश तेज कर दी गई है। तकनीकी जांच में उसकी लोकेशन खंडवा रोड के आसपास मिली थी, जिसके बाद पु-लिस की एक विशेष टीम देर रात तक इलाके की खाक छानती रही, हालांकि फिलहाल उसका कोई सुराग नहीं लग सका है।

एमआईजी थाना पुलिस के अनुसार, आरोपी रेहान को रिमांड पर लेकर इस पूरी साजिश की कड़ियों को जोड़ा जा रहा है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस हत्याकांड के पीछे मुख्य उद्देश्य क्या था और क्या इसमें आरोपी के परिवार के अलावा भी कोई बाहरी व्यक्ति शामिल है। फरार आरोपी रिजवान और ताऊ अब्दुल रफीक की गिरफ्तारी के लिए घेराबंदी की गई है।



## पहले तो ऊपर तक सामान, फिर रेड लाइट का पालन भी नहीं

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। छायाकार नीलेश वर्मा ने बताया कि वाहन नियमों का उल्लंघन भी करते हैं। नियम के विपरीत वाहन में ऊंचाई तक एक गुमटी को आयशर में रख दिया गया और जब मरीमाता चौराहा से यह आयशर आगे की ओर बढ़ी उस समय रेड लाइट थी उसका पालन भी नहीं किया गया। यातायात पुलिस भी कोने पर खड़े होकर देखती रही, लेकिन नियम तोड़ने वाली आयशर को नियम पर लाने की जुगत नहीं की गई।

# ड्रेनेज के पानी से सिंचाई के लिए निगम कराएगा सर्वे

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। **इंदौर नगर निगम के द्वारा ड्रेनेज के पानी को ट्रीटमेंट करने के बाद उस पानी को पुनः उपयोग करने के लिए सिंचाई के क्षेत्र में सर्वे कराया जाएगा।**

निगम की ओर से पहले भी ड्रेनेज के पानी का ट्रीटमेंट के उपरांत सिंचाई के कार्य में उपयोग शुरू कराया गया था। उस समय पर कबीट खेड़ी से लेकर सांवेर तहसील के गांव तक इस काम के लिए अलग से लाइन डाली गई थी। उस समय पर किसानों के द्वारा सिंचाई के कार्य में इस पानी का उपयोग किया जाने लगा था। अब एक बार फिर नगर निगम इस बात का सर्वे कराएगा की कौन से स्थान से ट्रीटमेंट किया हुआ पानी किस गांव तक पहुंचा जा सकता है और वहां पर किसानों के द्वारा इस पानी का उपयोग सिंचाई के कार्य में अपनी फसल में किस तरह से किया जा सकता है।

निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा अमृत 2 योजना के अंतर्गत सांवेर रोड ग्राम धनखेड़ी में 80 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के स्थल का निरीक्षण किया। सिंघल द्वारा अमृत 2.0 योजना पैकेज-1 के अंतर्गत धनखेड़ी में बनने वाले 80 एमएलडी एसटीपी स्थल का निरीक्षण किया गया। कान्ह नदी के शुद्धिकरण व सिंहस्थ 2028 के दृष्टिगत सीवर उपचारण हेतु एसटीपी का निर्माण किया जा रहा है। सिंहस्थ 2028 से पूर्व कार्य करने को दृष्टिगत रखते हुए कार्य को समय सीमा में पूर्ण किए जाने, सीवर नेटवर्क का सर्वे सही तरह से किए जाने के निर्देश दिए।ठेकेदार फर्म को टेक्निकल स्टाफ कार्य स्थल पर रखने, लेबर व मशीनरी की पर्याप्त व्यवस्था करने के तथा कार्य समय सीमा में पूर्ण हो इसका विशेष ध्यान रखते हुए कार्य तेज गति से करने के भी निर्देश दिए गए।

# निवेश प्रोत्साहन केन्द्र को मिलेगा नया स्वरूप



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

औद्योगिक विकास को गति देने और निवेशकों को एक ही स्थान पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर कार्यालय में निवेश प्रोत्साहन केन्द्र की स्थापना की गई है। इस केन्द्र की व्यवस्थाओं को और अधिक उपयोगी, पारदर्शी और निवेशक-हितैषी बनाया जाएगा। साथ ही ऑनलाइन पोर्टल की सुविधाएं भी इसी केन्द्र के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि उद्योग स्थापित करने से जुड़ी सभी प्रकार की अनुमतियां, लाइसेंस एवं क्लीयरेंस सरल, त्वरित और एक ही मंच पर मिल सकें। यह जानकारी आज यहां कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय में संपन्न हुई निवेश प्रोत्साहन को बढ़ावा देने संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक में दी गई। अधिकारी प्रदीप सोनी, एसएस मंडलोई और उद्योगपति भी मौजूद रहे।



## साइबर, यातायात नियम और नशे के दुष्परिणाम बताए

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। बड़ी ग्वालटोली में पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में रहवासियों को साइबर अपराध, यातायात सुरक्षा नियम और नशे के दुष्परिणाम को लेकर आयोजन किया गया, पूरी जानकारी दी गई। अधिकारी तुषार सिंह, सुरेन्द्र रघुवंशी एवं अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।



## स्कूल, कॉलेज और पंचायत स्तर पर नशा मुक्ति जागरूकता समिति बनेगी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

नशे के खिलाफ अब स्कूल-कॉलेज और पंचायत स्तर पर भी जागरूकता समिति का गठन होगा। कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में कल एनसीओआरडी की जिला स्त-रीय बैठक हुई। जिले में मादक पदार्थों के उपयोग की रोकथाम के संबंध में जनजागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। बैठक में पुलिस अधिकारी राजेशकुमार सिंह, आनंद कलादगी, प्रकाश परिहार, निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, अधिकारी रोशन राय सहित अन्य मौजूद रहे।

# मुख्य मार्गों से हटेगा अतिक्रमण

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कलेक्टर शिवम वर्मा ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की। जिसमें यह तय हुआ कि मुख्य मार्गों से अतिक्रमण और यातायात में बाधक व अन्य बाधाओं को हटाने के लिए पुनः अभियान प्रारंभ किया जाएगा। यह अभियान जिला प्रशासन द्वारा यातायात पुलिस, नगर निगम और अन्य संबंधित विभागों के संयुक्त दल द्वारा चलाया जाएगा। इंदौर में शासकीय तथा अशासकीय पार्किंग स्थलों की पूरी क्षमता के अनुसार उपयोग सुनिश्चित कराया जाएगा। पार्किंग स्थलों पर सूचना पटल भी लगाए जाएंगे। साथ ही चिन्हित 7 चौराहों को सुगम यातायात के अनुकूल बनाया जाएगा। बैठक में निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, पुलिस अधिकारी राजकुमार सिंह, आनंद कलादगी, प्रकाश परिहार, रोशन राय, अर्थ जैन मौजूद रहे। इंदौर के प्रमुख



7 चौराहों टावर चौराहा, नवलखा, महूनाका, अग्रसेन चौराहा, कालानी नगर चौराहा, पलासिया चौराहा और गीता भवन चौराहों पर यातायात व्यवस्था में तकनीकी तथा अधोसंरचनात्मक सुधार कर व्यवस्थाओं को बेहतर तथा वाहनों चालकों के लिए सुविधाजनक बनाया जाएगा।



## किसान कल्याण वर्ष के उपलक्ष्य में रैली

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। किसान कल्याण वर्ष के उपलक्ष्य में कल किसानों के सम्मान में 'दुपहिया कृषक जागरूकता रैली' का आयोजन किया गया। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा आयोजित यह रैली कलेक्टर कार्यालय से जैविक हाट बाजार ढक्कन वाला कुआँ तक निकाली गई। अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पंवार ने हरी झंडी दिखाई। पलसीकर चौराहा, सपना-संगीता चौराहा, अनाज मंडी, अग्रसेन चौराहा, जीपीओ चौराहा पर स्वागत भी किया गया। समापन ग्रामीण हाट बाजार पर हुआ।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के 72 फ्लैट वालों को निगम का नोटिस

## फ्लैट तो ले लिया लेकिन 5% से लेकर 50% तक ही पैसा जमा कराया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**इंदौर नगर निगम के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत फ्लैट प्राप्त करने वाले 72 व्यक्तियों के नाम पर अंतिम नोटिस जारी किया गया है। इन लोगों के द्वारा फ्लैट तो ले लिया गया लेकिन उसकी कीमत का 5% से लेकर 50% तक ही पैसा जमा कराया गया है।**

केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत इंदौर नगर निगम के द्वारा शहर में विभिन्न स्थानों पर फ्लैट का निर्माण किया गया है। गरीब परिवारों को अपने घर के सपने को साकार करने के लिए नगर निगम के द्वारा इन फ्लैट का आवंटन किया जाता है। इसके साथ ही सड़क के चौड़ा करने के काम में यदि किसी का मकान पूरा टूट जाता है तो उसे भी निगम के द्वारा इस योजना का फ्लैट दे दिया जाता है। निगम से फ्लैट प्राप्त करने वाले लोगों के द्वारा एडवांस में फ्लैट की कीमत की राशि में से कुछ प्रतिशत राशि जमा कर दी जाती है। शेष राशि उनके द्वारा किस्तों में जमा की जाती है।

इस योजना के तहत गुलमर्ग परिसर, पलाश परिसर में निर्मित किए गए 1 बीएचके, 2 बीएचके और 3 बीएचके के फ्लैट वैसे तो कई परिवारों के द्वारा लिए गए हैं लेकिन उनमें से 72 परिवारों के द्वारा इस प्लेट के लिए निश्चित की गई कीमत निगम में जमा नहीं कराई गई है। इन लोगों के द्वारा 5% से लेकर 50% तक की राशि ही जमा कराई गई है। शेष बकाया राशि निगम के द्वारा कई बार नोटिस दिए जाने के बावजूद इन फ्लैट में रहने वाले परिवारों के द्वारा जमा नहीं कराई गई है।

ऐसी स्थिति में इंदौर नगर निगम के प्रधानमंत्री आवास योजना के उपायुक्त के द्वारा अंतिम जाहिर सूचना जारी की गई है। इस सूचना के माध्यम से इन सभी 72 परिवारों के नाम सार्वजनिक करते हुए यह बताया गया कि उनके द्वारा कौन से परिसर में कितने बीएचके का फ्लैट कौन से ब्लॉक में लिया गया है। इस फ्लैट की कीमत क्या है और उनके द्वारा कितना पैसा जमा कराया गया है। ऐसे सभी व्यक्तियों को अंतिम चेतावनी देते हुए निगम के द्वारा फ्लैट की कीमत की बकाया राशि को अगले 15 दिन में जमा करने की चेतावनी दी गई है। निगम की ओर से यह स्पष्ट कर दिया गया है कि राज्य सरकार के द्वारा जारी किए गए निर्देश के अनुसार निर्धारित समय अवधि में जो लोग पैसा जमा नहीं करेंगे तो उस पर उनसे ब्याज की वसूली की जाएगी और उनके आवंटन को निरस्त करते हुए अन्य लोगों को यह फ्लैट आवंटित कर दिए जाएंगे।

### पहली बार ऐसा कदम

निगम के द्वारा पहली बार प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि को वसूल करने के लिए इस तरह से कठोर कदम उठाने की पहल की गई है। इस बारे में निगम के अधिकारियों का कहना है कि जब बार-बार नोटिस समझाइश और चेतावनी दिए जाने के बावजूद यह लोग पैसा जमा करने के लिए तैयार नहीं हुए तो हमें यह कदम उठाना पड़ा है।

# राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में महू के 35 प्रतिनिधियों ने सहभागिता की




इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

महू भारतीय प्रौढ़ शिक्षा संघ, दिल्ली द्वारा कलिंगा इंस्टिट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी एवं केआईएसएस, भुवनेश्वर में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में महू से 35 सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल ने भाग लिया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संघ के महासचिव सुरेश खंडेलवाल ने किया। देशभर से लगभग 300 से अधिक प्रतिनिधियों ने सम्मेलन में उपस्थिति दर्ज कर प्रौढ़ शिक्षा, सामाजिक उत्थान एवं शैक्षणिक नवाचारों पर विचार-विमर्श किया। महू से सम्मेलन में शामिल प्रमुख सदस्यों में मृणाल पत, कमलेश मिश्रा, राजश्री मिश्रा, विजय विजयवर्गीय, विमल विजयवर्गीय, मुकेश शर्मा, पवन तिवारी, दिलीप कोठारी, मनीष कोठारी, विष्णु चौहान, निर्मला चौहान, नारायण चौहान, नारायण पंडित, विमल पंडित, राधेश्याम वर्मा, सुमित्रा वर्मा, रामनारायण सुले, कंचन सुले, आशीष बर्थवाल, गोपीचंद जगताप, गोविंद पाराशर, पूनम अग्रवाल, राखी अग्रवाल, ललिता देवी विजयवर्गीय, अशोक शर्मा, गोपाल सोलंकी, विनीत सिंह, अब्दुल हमीद कुरैशी, नीरज पुरोहित, सुरेश मुकाति, शेख सुल्तान सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। उक्त जानकारी विजय कुमार विजयवर्गीय ने दी।



## सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के स्थल का निरीक्षण

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, अपर आयुक्त आशीष पाठक, कार्यपालन यंत्री अश्विनी जनवदे, सहायक यंत्री व उपयंत्री ने अमृत 2 योजना के अंतर्गत सांवेर रोड ग्राम धनखेड़ी में निर्माणाधीन 80 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। यहां पर कान्ह नदी के शुद्धिकरण व सिंहस्थ 2028 के दृष्टिगत सीवर उपचारण हेतु एसटीपी का निर्माण किया जा रहा है। आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# विश्राम बाग को 15 साल के लिए ठेके पर देगा निगम

**इंदौर। इंदौर नगर निगम के द्वारा विश्रम बाग को 15 साल के लिए ठेके पर दिया जाएगा। ठेकेदार के द्वारा यहां पर सुरक्षा के साथ ही बच्चों के एम्यूजमेंट पार्क और रेस्टोरेंट का संचालन भी किया जाएगा।**

इंदौर नगर निगम के द्वारा रणजीत हनुमान मंदिर के समीप स्थित विश्राम बाग की जमीन पर लक्ष्मण सिंह गौड़ उद्यान का विकास किया गया है। निगम के द्वारा करोड़ों रुपए की राशि खर्च कर इस उद्यान को एक अच्छे पिकनिक स्थल के रूप में तैयार किया गया है। इस उद्यान में एक रेस्टोरेंट के साथ ही बच्चों के लिए एम्यूजमेंट पार्क भी बनाया गया है। अब समस्या इस बात की है कि इसका संचालन किस तरह से हो। इंदौर नगर निगम के लिए यह संभव नहीं है कि वह दैनिक रूप से इसका संचालन कर सके। ऐसी स्थिति में नगर निगम के द्वारा इसे 15 साल के लिए संचालन के मकसद से ठेके पर देने का फैसला लिया गया है। निगम ने ठेकेदार के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए 9 फरवरी को प्री-बीड मीटिंग रखी गई है। इसमें जो ठेकेदार इस पार्क को ठेके पर लेना चाहेंगे उनके वित्तीय ऑफर 18 फरवरी को खोले जाएंगे। निगम का कहना है कि इस कार्य के लिए जो उसे ज्यादा से ज्यादा पैसा देने का प्रस्ताव रखेगा उसे यह पार्क संचालन के लिए दिया जाएगा।

### निगम को नहीं मिल रहा है ठेकेदार

निगम के द्वारा इस कार्य को ठेके पर देने के लिए चौथी बार टेंडर जारी किया गया है। पूर्व में तीन बार निगम के द्वारा टेंडर जारी किए जाने के बावजूद कोई भी ठेकेदार इस काम को करने के लिए आगे नहीं आ रहा है। निगम के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के द्वारा भी इस तरह का काम करने वाले लोगों से संपर्क करते हुए उन्हें इस काम को हाथ में लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है लेकिन फिर भी कोई रुचि लेने के लिए तैयार नहीं है।

### रीजनल पार्क जैसी हालत

इंदौर विकास प्राधिकरण के द्वारा निर्मित कर इंदौर नगर निगम को सौंपे गए रीजनल पार्क को भी नगर निगम ठेके पर देने की खूब कोशिश कर रहा है लेकिन वहां भी निगम को कोई ठेकेदार नहीं मिल पा रहा है। निगम के द्वारा इस पार्क को भी एम्यूजमेंट पार्क के रूप में परिवर्तित करने और एक अच्छे पिकनिक स्थल के रूप में तैयार करने की कोशिश की जा रही है लेकिन अब तक नतीजा सिफर है।

# अमृत योजना के चार पैकेज में करोड़ों के टेंडर

## काम पूरा करने के लिए निगम को चाहिए 1500 करोड़

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर को पानी की जरूरत के लिए आत्मनिर्भर बनाने और शहर वासियों को शुद्ध पानी देने के साथ भविष्य में बढ़ने वाली इंदौर की आबादी के लिए पानी की व्यवस्था करने हेतु नगर निगम द्वारा अमृत योजना के सभी चार पैकेजों में करोड़ों के काम स्वीकृत किए जा चुके हैं। शनिवार को हुई एमआईसी बैठक में भी सबसे अधिक मुद्दे पानी से संबंधित रखे गए और इन्हें स्वीकृत भी किया गया। सभी काम को करने के लिए नगर निगम को लगभग 2500 करोड़ रुपए की जरूरत है जिसमें लगभग 1000 करोड़ रुपए केंद्र सरकार अमृत योजना के तहत नगर निगम को दे रही है इसके बाद 1500 करोड़ रुपए नगर निगम को जुटाना है।

एमआईसी बैठक में लगभग 1200 करोड़ रुपए के विकास कार्यों को स्वीकृति दी गई। महापौर पुष्य भार्गव ने नगर निगम के इन विकास कार्यों को इंदौर शहर को नई दिशा देने वाला बताया और शहर में ठोस विकास की बात कही। इंदौर में 40 नई पानी की टंकियां और 75 पानी की टंकियों की डिस्ट्रीब्यूशन लाइन को बदलने का निर्णय बैठक में लिया गया है। महापौर भार्गव ने कहा कि शहर में इतनी अधिक संख्या में डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बदली जाएगी तो खुदाई होना स्वाभाविक है जिसके कारण नगर निगम की आलोचना भी होती है लेकिन शहर को ठोस विकास एवं पानी के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है तो यह काम करना होगा। उन्होंने कहा कि अमृत योजना के तहत इंदौर शहर को 24 घंटे पानी देने के लिए भी काम किया जाएगा। शहर में गंदा पानी सप्लाई नहीं हो इसके लिए पुरानी लाइन बदलना आवश्यक है।

महापौर के इस विकास को लेकर नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने कहा है कि नगर निगम इस समय बर्बादी के दौर से गुजर रहा है। चारों ओर खुदाई करके शहर की जनता को परेशान किया जा रहा है। दुर्घटनाएं हो रही है, लाइन बदलने के लिए कोई ठोस सर्वे नहीं किया गया, जनप्रतिनिधियों से चर्चा नहीं की गई। नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी सही तरीके से गंदे पानी की समस्या हल करें और लाइनों की सफाई पर ध्यान रखें तो इतने बड़े खर्च की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। महापौर और उनकी टीम भागीरथपुरा घटना के बाद अमृत योजना में बड़ी संभावनाएं तलाश रही है इसके बहाने पूरे शहर की लाइन खोदना और बड़ी-बड़ी योजनाएं लाकर अपना हित पूरा किया जाएगा। इससे पहले भी नगर निगम में नाला टेपिंग जैसी योजना लाई गई जिसमें करोड़ों रुपए की लाइन डाली गई उसका रिजल्ट क्या हुआ। अब अमृत योजना में नई लाइन डालने के लिए करोड़ों रुपए का लोन फिर से लिया जा रहा है जिससे नगर निगम कर्ज में डूब जाएगा।

दूसरी ओर लेखा विभाग द्वारा 1500 करोड़ रुपए कर्ज के लिए कागजी तैयारी पूरी कर ली गई है, विभिन्न बैंकों में इसके लिए एप्रोच किया जा रहा है साथ ही राज्य शासन को भी लोन गारंटी देने के लिए कहा गया है।




## कालेज में शहीद दिवस पर आयोजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय में 'शहीद दिवस' पर कार्यक्रम आयोजित किया। अतिथि डॉ. योगेन्द्रनाथ शुक्ल ने कहा कि गांधी एक व्यक्ति नहीं, विचार और दर्शन का नाम है जो कभी समाप्त नहीं हो सकता। प्रो. श्रीलेखा नेमा ने अपने अतिथि भाषण में गांधी जी से जुड़े अनेक प्रसंगों को बताया। उन्होंने कहा कि गांधी आज भी प्रासंगिक है। प्राचार्य डॉक्टर गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन डॉक्टर सुषमा शर्मा ने किया।

# बोहरा समाज की आज होगी विशेष इबादत

## मुस्लिम समाजजन मंगलवार की रात भर करेंगे इबादत

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** बोहरा समाजजन कल शबे बारात का पर्व मनाएंगे, आज शाम मगरीब की नमाज में सभी बोहरा समाजजन मौजूद रहेंगे, जिनमें महिलाएं भी शामिल होंगी, नमाज के बाद विशेष इबादत भी होगी, दुआएं की जाएगी। वहीं कल शबे बारात का पर्व मनाया जाएगा। वहीं मुस्लिम समाजजन बुधवार को शबे बारात का पर्व मनाएंगे। मंगलवार की मगरीब की नमाज के बाद विशेष इबादतों का दौर चलेगा, मुस्लिम समाजजन मस्जिद, कब्रिस्तान में इबादत करेंगे। वहीं महिलाएं घरों में ही इबादत करेगी। कई जगह तकरीर के आयोजन भी विद्वानों द्वारा किए जाएंगे, जिसमें मुस्लिम समाजजन शामिल होंगे। गफूर खां की बजरिया में बड़ा आयोजन होगा। घरों में पकवान भी बनेंगे और रोजा भी रखा जाएगा, रोजा इफ्तार का आयोजन भी शबे बारात पर्व पर होगा। इबादत के दौरान परवरदिगार से अपने गुनाह की माफी भी मांगी जाएगी।



# 'न्यायाश्रय' की राजस्थान टीम का गठन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

कानून के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से गठित संस्था न्यायाश्रय की राजस्थान टीम का गठन किया गया। इस अवसर पर एडवोकेट आकाश यादव को राजस्थान टीम का अध्यक्ष एवं एडवोकेट कुंदन पालीवाल को सचिव के रूप में मनोनीत किया गया। डॉ. पंकज वाधवानी ने बताया कि संस्था के पदाधिकारी अधिवक्ताओं द्वारा उदयपुर का दौरा कर न्यायिक प्रक्रिया समझी और अधिवक्ताहित और विधिक जागरूकता को भी चर्चा में लिया गया।



# दलित नेता परमार का अहमदाबाद में सम्मान

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

दलित नेता मनोज परमार को सामाजिक कार्यों को लेकर अहमदाबाद में अन्तर्राष्ट्रीय सम्मान दिया गया। वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ऑफ एक्सलेंस (इंग्लैंड) द्वारा अवॉर्ड, 39वें ग्लोबल ऑकल्ट साइंस समिट में यह सम्मान बड़े मंच से हुआ। परमार द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्य के लिए वर्ल्ड रिकार्ड ऑफ एक्सलेंस इंग्लैण्ड द्वारा यह सम्मान दिया गया। अतिथि के रूप में भी परमार मंचासीन रहे। कार्यक्रम में संजय पंजवानी, डॉ. गणेश दुबे, डॉ. राकेश शुक्ला, केआर उपाध्याय, दिलीप श्योपुरकर, डॉ. हीरेन्द्र शुक्ला, संतोष भार्गव, मीता जानी मौजूद रहे।

# बच्ची को बच्चे बचाएंगे अभियान होगा

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** दुर्लभ बीमारी स्पाइनल मासकूलर एट्रोफी टाइप-2 से पीड़ित अनिका शर्मा की मदद के लिए 3 फरवरी को इंदौर के स्कूलों, कॉलेजों एवं कोचिंग संस्थानों में एक दिवसीय विशेष सहयोग अभियान बच्ची को बच्चे बचाएंगे चलाया जाएगा। इस अभियान का मूल उद्देश्य यह है कि समाज के सबसे संवेदनशील वर्ग-बच्चे स्वयं आगे आकर एक बच्ची के जीवन की रक्षा का संकल्प लें। यह जानकारी एक कदम मदद की ओर सेवा समिति के अध्यक्ष ऋषभ बागोर, नीरज संकट एवं दीपक बागोरा ने दी।

# विश्वकर्मा जयंती मनाई

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** विश्वकर्मा जयंती पर जांगीड़ ब्राह्मण समाज श्री राम मंदिर अहिल्यापुरा में हवन पूजन के साथ महा आरती की गई। इस आयोजन में समाज के सभी समाज जन मौजूद थे। इस मौके पर राजेंद्र शर्मा, रमेश शर्मा, चंद्रशेखर शर्मा, अशोक शर्मा, मनोहरलाल शर्मा, सुनीता शर्मा, अनीता शर्मा मौजूद थे।





# जैन समाजजन रहे ध्वजा आयोजन में मौजूद

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** चिंतामणि पार्श्वनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर महावीर बाग एरोड्रम रोड एवं रामबाग दादावाडी में धर्म ध्वजा चढ़ाने का आयोजन जैन समाजजनों की मौजूदगी में किया गया। ध्वजा के पूर्व खरतरगच्छ श्री संघ की महिला मंडलों ने संगीतमय पूजा की। दादावाड़ी रामबाग में वात्सल्य का आयोजन भी हुआ और चिंतामणि मंदिर में प्रभावना वितरित की गई। राजेन्द्र गांधी, नरेश मेहता, विजय मेहता, डॉ. वसंत लुनिया, मोहन लालन, चिद्रप कोचर, प्रेमलता लालन, ललित भंडारी, सुरेन्द्र गांधी, नरेन्द्रसिंह बाफना, योगेन्द्र जैन मौजूद थे।



# दिव्यांग को भेंट की व्हील चेयर

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** संस्था सांईराम मंडल नंदबाग द्वारा दिव्यांग को व्हील चेयर प्रदान की गई। रीतेश ठाकुर बंटी ने बताया कि भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्र, संजय शुक्ला, आकाश विजयवर्गीय, लक्की अवस्थी, अशोक चौहान चांदू नेता, डॉ दीपक शर्मा, बब्बू मिश्रा मौजूद थे।

# संत के चित्र पर माल्यार्पण



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** संत रविदास जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया। ईश्वरलाल विश्नार ने बताया कि बडी संख्या में वाल्मीकि समाजजन आयोजन से जुडे रहे। चित्र पूजन के बाद आरती कर प्रसाद का वितरण भी किया गया।

# स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों की रैली



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** पुलिस का लगातार यातायात जागरूकता अभियान जारी रहा। यातायात जागरूकता को लेकर स्कूल-कालेज के विद्यार्थियों के बीच जागरूकता का आयोजन किया गया। सायकल और पैदल रैली भी निकाली गई। छात्रों को सडक सुरक्षा का महत्व बताया। बैनर, तख्ती, पोस्टर के माध्यम से पुलिस के साथ स्टूडेंट्स, नागरिकगण व ट्रैफिक प्रहरियों ने सहभागिता की। आमजन से यातायात नियमों के पालन की अपील भी की।

# गुलाब प्रदर्शनी आज भी जारी



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** कल शाम से शुरू हुई गांधी हॉल में गुलाब प्रदर्शनी आज रविवार को रात 9 बजे तक खुली रहेगी। गुलाब मेले में गुलाबों को अलग-अलग समूह में सजाया गया है। आज सुबह से गुलाब के शौकीनों का मेले में पहुंचना जारी है।

# सेवानिवृत्ति पर सम्मान

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी रहे कामेश श्रीवास्तव, गिरीश व्यास का मप्र विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन द्वारा सेवानिवृत्ति पर सम्मान का आयोजन किया। मदन वर्मा, उम्मेदसिंह राजपूत, जे एल जोशी, संजय सकरगाये, वीरेन्द्र मिश्र, सुरेन्द्र पटेल, अंबालाल काले, सतीश पुंडलीक, उमेशसिंह, कैलाश वर्मा, मौनू स्वामी, बुरहानपुर के संजय चौधरी ने पुष्पमालाओं से सम्मान किया। प्रियंका यादव और स्वाति वक्ते, मकसूद पठान मौजूद थे। बसंत श्रीवास्तव का भी सम्मान किया गया।





# लीनेस क्लब में शपथ विधि

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** लीनेस क्लब ऑफ इंदौर सुप्रभात की शपथ विधि हुई। नए पदाधिकारी और नए क्लब सदस्य को शपथ दिलाई गई। भारतीय प्रांतीय वेशभूषा में रैंप वॉक किया गया। उषा परमार, मधु कोठारी, अनिता गौर, स्मिता जाजू, प्रीति जैन, मधु जैन, भावना माहेश्वरी, पुष्पा काला, नीता माहेश्वरी, स्मृति जैन, रचना गुप्ता, मीना काले, सोनू चौहान, अनिता गौर, सपना साहू सहित अन्य मौजूद थे।

# आराधना भवन में धर्मसभा



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। आराधना भवन स्कीम 71 में आचार्य ज्ञानचंद म.सा. ने श्रद्धालुओं को सार्थक प्रवचन दिए। राजेश जैन युवा ने बताया कि आचार्य प्रवर ने धर्मस्थानक में दान की महत्ता बताते हुए कहा कि बहुत से लोग अपने घरों में साधु-साध्वियों के पगलिए कराने की इच्छा रखते हैं, पर यह सभी के लिए संभव नहीं हो पाता। लेकिन जो लोग उपाश्रय, स्थानक या धर्म भवन के निर्माण में सहयोग करते हैं, वहां जितने भी संत-सतियां पधारते हैं, उनके पगलिए स्वतः ही दानदाता के हो जाते हैं। अतः मंदिर निर्माण के साथ-साथ धर्मस्थानक निर्माण में भी उत्साह बढ़ना चाहिए। राजेश जैन युवा ने बताया कि प्रवचन, चार शरण का सामूहिक पाठ, भक्ति गीतों की प्रस्तुति भी की गई। राजेश जैन युवा, सुभाष वन्यायक्या, भव्य सुराणा, चयन जैन, प्रेम, नवनीत मौजूद थे।



# क्लासिकल गीतों की प्रस्तुति

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। महू सांस्कृतिक मंच द्वारा जाल सभागृह में क्लासिकल गीतों के साथ अन्य गीतों की प्रस्तुति गायकों ने दी। दिनेश सोलंकी, क्रनिका कौर, संजय यादव, तन्मय पांडे, संजय लाड, रजनीश श्रीवास्तव, अस्मित सागर, आशीष श्रीवास्तव ने प्रस्तुतियां दी। संजय शर्मा, विजय राव, दीपेश जैन, दिनेश कनोजिया, रक्तवीर दीपक नाइक, लखु दादा अपनी भूमिका निभाई।

# श्री राम दरबार मंदिर का आज से दो दिवसीय स्थापना दिवस समारोह

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। तुलसी नगर मां सरस्वती धाम स्थित श्री राम दरबार मंदिर के प्रथम वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दो दिवसीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन आज 1 फ़रवरी से शुरू हुआ। आयोजन से श्री तुलसी सरस्वती सोशल वेलफेयर सोसायटी जुडी हुई है। आज सुबह ध्वज पूजन के बाद रामायण पाठ शुरू हुआ। कल सुबह हवन, रामायण पाठ का समापन और कल शाम 5 बजे से सुन्दरकांड पाठ होगा और फिर प्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

# पहले केक कटा और फिर गीतों की प्रस्तुति



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। आनंदवन-2, स्कीम-140 स्थित सदाबहार ग्रुप द्वारा जनवरी माह में जन्मे सदस्यों के जन्मदिन एवं वैवाहिक वर्षगांठ के उपलक्ष्य में प्रारम्भ में केक काटकर गीत-संगीत की प्रस्तुति दी गई। महेश शर्मा, तारकेश्वर सिंह, आभा अरोरा एवं विनोद खंडेलवाल, मालती सिंह, उमा शर्मा, प्रिया-प्रवीण भागवत, कनक-प्रफुल्ल भार्गव, निशा-मुकेश खंडेलवाल, लोंगश्री-रामस्वरूप तोमर, रजनी-केशव गुप्ता, संगीता-विजय खंडेलवाल, अर्चना-श्रीकांत मराठे, डॉ. विश्वकर्मा, ओंकार सांगोरे एवं के.के. अरोरा ने अपनी भूमिका निभाई।



## करणी सेना पदाधिकारी रहे स्कूली बच्चों के बीच मौजूद

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। क़रणी सेना ने स्थापना दिवस धीरज नगर राबर्ट चौराहा स्थित स्कूल में बच्चों के साथ मनाया। इस दौरान योगेन्द्र सिंह डोडिया, सूरजपाल अम्मू, उत्तमसिंह राठौर, सुनील कोचले, दीपमाला जीनवाल, मानसिंह ठाकुर, धर्मेन्द्रसिंह चौहान, सतीशसिंह राजपूत, विक्रमसिंह चौहान, जितेन्द्रसिंह ठाकुर, रामस्वरुप कुमावत, ब्रजकिशोर खोदरे, ज्योति गिर गोस्वामी, हरिश बरेले, प्रीतम यादव मौजूद थे।

## बच्चों को संस्कारवान और सकारात्मक बनाते ये खेल



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। लाइफ़ कोच सुरभि सेठी पांड्या ने खास तरह के खेल उद्देश्य को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किए। ये खेल सिर्फ़ मनोरंजन नहीं करते बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व का इस तरह से निर्माण करते हैं कि वे अपने ख़ुद के प्रति सचेत तथा जागरूक हों तथा दूसरों के प्रति अधिक संवेदनशील बन सकें। यानी इन खेलों के जरिए ऐसे व्यक्तित्व का निर्माण होता है जो व्यक्तिगत स्तर पर तो सकारात्मक तथा गुणात्मक परिवर्तन करता ही है, साथ ही पारिवारिक तथा सामाजिक स्तर पर भी अपनी जिम्मेदारियों का गहरा अहसास कराता है। इस तरह से ये खेल व्यक्तिगत स्तर से लेकर पारिवारिक तथा सामाजिक स्तर पर एक जिम्मेदार ईकाई बनाता है।

# रामचरण महाराज का प्रकटोत्सव रामद्वारा में मनाया





इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के प्रथम आचार्य स्वामी 1008 रामचरणजी महाराज का प्रागट्य दिवस महोत्सव छावनी रामद्वारा पर मनाया गया। मुकेश कचोलिया ने बताया कि कार्यक्रम में छंदभुजंगी, गुरु महिमा,जयंती के एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर सतीश कचोलिया, कोशल सोनी, सुनील जायसवाल, प्रदीप परतानी, प्रेमलता सेनी, वर्षा व्यास, रीना परतानी, रीतेश कृपलानी, सलोनी कृपलानी आदि उपस्थित थे।



## भाजपा नगर अध्यक्ष का सम्मान

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। भाजपा नगर अध्यक्ष के एक वर्ष पूर्ण होने पर उनका सम्मान किया गया। लखन देपाले, जगदीश राजकमल, धर्मेन्द्र कुवाल, रवि मकवाना, गोलू गंधारे, रोहित सिसोदिया, मुर्तजा बोहरा, मोहित देपाले, राहुल देपाले, रोहित देपाले मौजूद थे।

## जैन का सम्मान

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। प्रो. अनुपम जैन का काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में सम्मान किया गया। इस सम्मान पर डॉ. जैनेन्द्र जैन, टीके वेद, हंसमुख गांधी, आजाद जैन, अशोक खासगीवाले, सुशील पांड्या, नरेंद्र वेद ने बधाई दी है।



# कई जगह लगा सुबह होली का डांडा



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

अगले माह हिन्दू समाज का बड़ा पर्व होली मनाई जाएगी। होली पर्व के एक माह पहले की पूर्णिमा पर होली का डांडा पारम्परिक रूप से लगाया जाता है, अब भले ही पहले के मुकाबले कम ही एक माह पहले डांडा लगाया जाता है। कुछ जगह अभी भी पुरानी परम्परा कायम है। आज सुबह कुछ जगह यह डांडा लगाया गया, कुछ लोगों ने कहा कि हम दोपहर और शाम के मुहूर्त में डांडा लगाएंगे। पश्चिमी क्षेत्र के हाई लिंक सिटी बांगड़दा क्षेत्र में आज ज्ञान चबूतरा मित्र मंडल द्वारा होलिका उत्सव के पूर्व आज डांडा गाड़ा गया। धर्मेन्द्र गेंदर ने उक्त जानकारी दी।

# डॉ. डेविश जैन पुरस्कार से सम्मानित



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।

पीआईएमआर इंदौर डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी के चांसलर तथा प्रेस्टीज एजुकेशन फाउंडेशन के चेयरमेन, डॉ. डेविश जैन को शिक्षा और कृषि के क्षेत्र में उनके दूरदर्शी नेतृत्व तथा परिवर्तनकारी योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'चेंजमेकर ऑफ मध्य प्रदेश 2.0' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान भोपाल में आयोजित एक समारोह में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शिक्षा, प्रशासन और उद्योग जगत की कई विशिष्ट हस्तियों की उपस्थिति में प्रदान किया गया।

# बॉर्डर 2 की सुनामी के बीच डटकर खड़ी है मर्दानी 3

## दूसरे दिन कमाई हुई 10 करोड़

**रानी** मुखर्जी स्टारर फिल्म 'मर्दानी 3' बीते दिन यानी कि 30 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस फिल्म ने रिलीज के दूसरे दिन ही अच्छी खासी कमाई करना शुरू कर दिया है। 'बॉर्डर 2' के रिलीज के महज एक हफ्ते बाद ये फिल्म रिलीज हुई है। ऐसे में फिल्म को लेकर काफी बज भी रहा कि क्या ये 'बॉर्डर 2' की आंधी को झेल पाएगी। हालांकि रानी मुखर्जी ने भी साबित कर ही दिया है कि वो किसी से कम नहीं हैं।

### 'मर्दानी 3' की पहले दिन की कमाई

शुक्रवार को रिलीज हुई रानी मुखर्जी स्टारर 'मर्दानी 3' ने दर्शकों अपनी ओर खींचने में थोड़ी सी मेहनत की। ये फिल्म साल 2014 में आई 'मर्दानी' की तीसरी किश्त है, जिसमें रानी का दमदार पुलिस ऑफिसर शिवानी शिवाजी रॉय का किरदार बहुत पसंद किया जाता है। फिल्म को पहले ही दिन क्रिटिक्स और दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। 'मर्दानी 3' ने रिलीज के पहले दिन सैकनिक के मुताबिक लगभग 4 करोड़ की कमाई की है।




### 'मर्दानी 3' का हर दिन का कलेक्शन

'मर्दानी 3' ने पहले दिन 4 करोड़ की कमाई की थी। तो वहीं दूसरे दिन का आंकड़ा अब तक लगभग 5 करोड़ के ऊपर पहुंच चुका है। फिल्म ने रिलीज के दूसरे दिन दोपहर तीन बजे तक 1.52 करोड़ की कमाई कर ली है। (ये आंकड़ें लाइव अपडेट हो रहे हैं। रात 10 बजे फाइनल कमाई के फाइनल आंकड़े आएंगे)

### फिल्म के बारे में

बता दें कि 'मर्दानी 3' यशराज फिल्म्स के बैनरतले बनी है। इस फिल्म का निर्देशन अभिराज मिनावाला ने किया है। फिल्म में रानी मुखर्जी के अलावा जानकी बोदीवाला और मल्लिका प्रसाद भी मुख्य किरदारों में हैं। ये फिल्म बच्चियों की तस्करी की कहानी दिखाती है। जिसमें करप्ट पुलिस कल्चर को भी खुले तौर पर दिकाया गया है। फिल्म में रानी का किरदार शिवानी इन लड़कियों की तस्करी का पता लगाता है और इन्हें बचाता है।

# रोहित शेट्टी के घर हमलावरों ने की फायरिंग

**सिंघम** फेम डायरेक्टर रोहित शेट्टी के घर बाहर 5 राउंड फायरिंग हुई है। रोहित शेट्टी के घर के बाहर पुलिस सुरक्षा तैनात कर दी गई। पुलिस जांच में जुटी है।

बॉलीवुड के मशहूर फिल्म डायरेक्टर और प्रोड्यूसर रोहित शेट्टी के घर के बाहर अज्ञात हमलावरों ने पांच राउंड फायरिंग की है। इस सनसनीखेज घटना के बाद रोहित शेट्टी के जुहू स्थित टावर के इर्द-गिर्द भारी पुलिस सुरक्षा तैनात कर दी गई है। फिलहाल पुलिस मुस्तैदी के साथ मामले की जांच कर रही है। पुलिस हर उस एंगल को खंगाल रही है, जिससे आरोपियों का पता लगाया जा सके। इस हमले के पीछे किसका हाथ है।

### पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

मुंबई पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। ये ईंं अज्ञात लोगों के खिलाफ "ए और आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं में दर्ज की गई है। आरोपियों को पकड़ने के लिए क्राइम



ब्रांच ने 12 टीमें बनाई गई हैं।

### शनिवार आधी रात को हुई फायरिंग

बता दें कि रोहित शेट्टी मुंबई के जुहू इलाके में रहते हैं। रोहित शेट्टी की बिल्डिंग पर ये फायरिंग शनिवार आधी रात को हुई। जुहू पुलिस मौके पर पहुंच गई है और गनीमत से कोई घायल नहीं हुआ है। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए, मुंबई पुलिस क्राइम ब्रांच को इस मामले की जांच सौंपी गई है। रोहित शेट्टी के घर के बाहर की वीडियो फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। वीडियो में पुलिस की गाड़ी, बैरिकेड दिखाई दे रहे हैं।

### रोहित शेट्टी की फिल्में

रोहित शेट्टी की बात करें तो वो पॉपुलर फिल्म-मेकर हैं। उनकी फिल्में जबरदस्त चर्चा में रहती हैं। वो एक्शन और कॉमेडी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। रोहित शेट्टी को फिल्मों में गाड़ियों को हवा में उड़ाने के लिए भी जाना जाता है। रोहित शेट्टी की फिल्मों की बात करें तो इस लिस्ट में सिंघम, सिंघम अगेन, गोलमाल, सिंबा, सिंघम रिटर्न्स, चेन्नई एक्सप्रेस, गोलमाल अगेन, दिलवाले, गोलमाल 3, गोलमाल 4 जैसी फिल्में शामिल हैं।

### सलमान खान के घर पर भी हो चुकी है फायरिंग

मालूम हो कि इससे पहले लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने एक्टर सलमान खान के घर पर भी इसी तरह गोली चलाकर दहशत फैलाने की कोशिश की थी। पुलिस इलाके में लगे ण्ण्ऊ की मदद से आरोपियों की तलाश कर रही है। फिलहाल हमले का कारण और तमाम एंगल से जांच की जा रही है।



# रामचरण बने जुड़वा बच्चों के पिता, उपासना ने दिया एक बेटे और एक बेटी को जन्म

**पॉपुलर** एक्टर राम चरण दोबारा पिता बन गए हैं। उनकी पत्नी उपासना ने जुड़वा बच्चों को जन्म दिया है। राम चरण के पिता चिरंजीवी ने इस खबर को कंफर्म किया है।साउथ के पॉपुलर एक्टर राम चरण एक बार फिर पिता बन गए हैं। उनकी पत्नी उपासना कोनिडेला ने जुड़वा बच्चों को जन्म दिया है। उन्होंने एक बेटा और एक बेटी को जन्म दिया है। राम चरण और उनकी फैमिली बहुत खुश है और एक्साइटेड हैं। राम चरण के पिता और एक्टर चिरंजीवी ने ये खुशखबरी फैंस के साथ शेयर की।

### चिरंजीवी ने किया पोस्ट

चिरंजीवी ने X पर खुशखबरी देते हुए लिखा- हम खुशी और आभार के साथ ये सभी के साथ शेयर कर रहा हूं कि राम चरण और उपासना कोनिडेला ने जुड़वा बच्चों का वेलकम किया है। उन्हें एक बेटा और एक बेटी हुई है। दोनों बच्चे और मां हेल्दी हैं और ठीक हैं। इन दो नन्हें बच्चों का अपने घर में वेलकम करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। दादा-दादी के तौर पर ये आशीर्वाद है। हम सभी की प्रार्थनाओं, प्यार और आशीर्वाद के लिए शुक्रियाअदा करते हैं। चिरंजीवी और सुरेखा।

### राम चरण और उपासना की शादी

बता दें कि राम चरण ने उपासना से 2012 में शादी की थी। उनकी सगाई दिसंबर 2011 में हुई थी। उपसाना अपोलो हॉस्पिटल्स के फाउंडर प्रताप सी रेड्डी की पोती हैं। वो अपोलो चैरिटी की वाइस चेयरमैन भी हैं। कपल ने 2023 में पहले बच्चे का वेलकम किया था। जून 2023 में उन्होंने बेटी क्लिन कारा का वेलकम किया था। दीवाली 2025 के समय उपासना ने अपने दूसरे बेबी शावर की वीडियो फैंस के साथ शेयर की थी। राम चरण के वर्क फ्रंट की बात करें तो राम चरण को पिछली बार फिल्म गेम चेंजर में देखा गया था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर खास परफॉर्म नहीं किया था। फिल्म को रिव्यूज भी अच्छे नहीं मिले थे। उन्होंने 2023 में सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान में कैमियो भी किया था। अब वो स्पोर्ट्स ड्रामा ड्डा की तैयारी में लगे हैं। इस फिल्म में जाह्नवी कपूर भी नजर आएंगी।



# 69 की उम्र में कल्पना अय्यर ने किया रम्बा हो पर डांस

**वेटरन** एक्ट्रेस कल्पना अइय्यर ने अपने गाने 'रम्बा हो' को एक बार फिर से रीक्रिएट किया है। उनका ये वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। फिल्म 'धुरंधर' की रिलीज के साथ ही 70 के दशक का एक गाना 'रम्बा हो' एक बार फिर से ट्रेंड में आ गया। इस गाने पर लोगों ने खूब सारी रील बनाईं और शेयर की हैं। अब हाल ही में इस गाने पर वेटरन एक्ट्रेस कल्पना अइय्यर ने स्टोज पर डांस किया है। कल्पना का ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

कल्पना अय्यर की उम्र 69 साल की है, इस उम्र मं वो इस गाने पर जिस तरह से थिरक रही हैं वो वाकई काबिल-ए-तारीफ है। कल्पना का ये वीडियो सोशल मीडिया पर आते ही तहलका मचा रहा है। एक्ट्रेस इस वीडियो ने नेवी ब्लू कलर की साड़ी पहनी हैं। ये वीडियो किसी की शादी का है, ये शादी उनके किसी फैमिली मेंबर की ही है।

**कल्पना की हो रही जमकर तारीफ-** इस गाने पर कल्पना को थिरकता हुआ देखकर सोशल मीडिया पर भी यूजर्स की कमेंट्स की लाइन लग गई है। लो कल्पना के इस उम्र में जोश और जज्बे की खूब तारीफ कर रहे हैं। कमेंट में यूजर्स कल्पना को रॉकस्टार बता रहे हैं। तो वहीं वीडियो में सामने बैठी ऑडियंस भी इस परफॉर्मेंस को खूब पसंद कर रही है।

**असली गाने में भी थीं एक्ट्रेस-** बता दें कि ये गाना साल 1977 में आई फिल्म 'अरमान' का गाना है। इस गाने के ओरिजिनल वीडियो में भी कल्पना अइय्यर ने डांस किया था। उस समय का उनका जोश और आज का जोश, दोनों में कोई फर्क नहीं नजर आ रहा है। इस गाने को उषा उत्थुप ने गाया था। 'धुरंधर' की रिलीज के बाद ये गाना एक बार फिर से ट्रेंड का हिस्सा बन गया और अब कल्पना के इस डांस वीडियो को देख लोग बहुत खुश हो रहे हैं।

# बड़े पर्दे पर आने की तैयारी में है 'नागिन'

टीवी के सबसे पॉपुलर सीरियल 'नागिन' का सातवां सीजन चल रहा है। ये सीरियल साल 2015 से दर्शकों का टीवी पर एंटरटेनमेंट कर रहा है। इस सीरियल की जबरदस्त फैन फॉलोइंग भी है, जिसके चलते ये सीरियल टीआरपी में भी टॉप पर ही बना रहता है। अब खबरें ऐसी सामने आ रही हैं कि 'नागिन' छोटे पर्दे से निकलकर बड़े पर्दे पर आने की तैयारी कर



रही है। यानी कि एकता कपूर के इस शो के कॉन्सेप्ट पर बालाजी टेलीफिल्म्स अब फिल्म बनाने जा रहा है।

**माइथोलॉजिकल अंदाज में बनेगी फिल्म–** सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि इस फिल्म को माइथोलॉजिकल और फैंटेसी अंदाज़ में बड़े पर्दे पर दिखाया जा सकता है। इंडस्ट्री से जुड़े एक सूत्रों के मुताबिक, बालाजी टेलीफिल्म्स 'नागिन' को टीवी से आगे बढ़ाकर फिल्मों के रूप में पेश करने के बारे में बातचीत कर रहा है। ब्रांड की जबरदस्त फैन फॉलोइंग और इसकी सिनेमैटिक स्केल को देखते हुए मेकर्स इसे बड़े पर्दे के हिसाब से नए अंदाज़ में ढालने पर विचार कर रहे हैं।

## संपादकीय

# परिपक्व उम्र में ही हो सोशल मीडिया तक पहुंच

बच्चों व किशोरों की सोशल मीडिया पर बढ़ती अति-सक्रियता अभिभावकों ही नहीं, देश के लिये भी एक गंभीर चिंता का विषय है। छात्रों का पढ़ाई से भटकाव व एकाग्रता में गिरावट समय की बड़ी फिक्र है। इसी बीच इकोनॉमिक सर्वे में सोशल मीडिया तक उम्र के हिसाब से पहुंच का सुझाव एक स्वागत योग्य कदम है। सालों से, डिजिटल विस्तार को एक बिना शर्त अच्छे बदलाव के रूप में देखा जाता रहा है। कहा जाता रहा है कि सोशल मीडिया तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाने, डिजिटल लिटरेसी की खामियों को दूर करने और शिक्षा को आधुनिक बनाने में डिजिटल क्रांति सहायक है। निश्चित रूप से आर्थिक सर्वे में इस बाबत उल्लेख एक असहज करने वाली सच्चाई को संतुलित करने का प्रयास करता है। यह स्वीकार किया जा रहा है कि बिना रोक-टोक के डिजिटल एक्सपोजर तेजी से एक सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता बनता जा रहा है। सही मायनों में डिजिटल लत को मानसिक स्वास्थ्य, शैक्षणिक प्रदर्शन और उत्पादकता को प्रभावित करने वाली समस्या के रूप मे पहचानते हुए, सर्वे इस बहस को तथ्यों पर आधारित नीति बनाने की जरूरत बताता है। इसकी सिफारिश है कि उम्र के हिसाब से एक्सेस की सीमाएं तय करने, उम्र की वेरिफिकेशन के लिये प्लेटफॉर्मों की जवाबदेही निर्धारित करने, बच्चों के लिये सरल डिवाइस बनाने और ऑनलाइन कक्षाओं पर निर्भरता कम करने की आवश्यकता है। सही मायनों में इस मुद्दे पर वैश्विक सहमति का ही अनुसरण किया जा रहा है। वास्तव में बच्चों को सम्मोहित करने वाले डिजिटल डिजाइनों से उन्हें सुरक्षा उपलब्ध कराने की भी जरूरत है। जो कोमल मन-मस्तिष्क वाले बच्चों पर खासा नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। निश्चित रूप से डिजिटल लत के शिकार होते बच्चों व किशोरों के, शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के मद्देनजर राष्ट्रीय स्तर पर नीति-निर्धारण समय की मांग है। इसके अलावा इस बाबत सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर देना भी उतना ही जरूरी है। तभी इस संकट का आशाजनक समाधान तलाशना संभव हो सकेगा। वहीं दूसरी ओर, इस संकट से उबरने के लिये प्लेटफॉर्म लेवल सेफ्टी और फैमिली डेटा प्लान की भी मांग की जा रही है। जो पढ़ाई की जरूरत और मनोरंजन के लिये डिजिटल प्लेटफॉर्म के लिए इस्तेमाल का फर्क कर सके। इसके साथ ही हालिया आर्थिक सर्वे में इस बात को स्वीकार किया गया है कि माता-पिता पहले से ही यह जानते हैं कि व्यक्तिगत कंट्रोल बड़े पैमाने से इस समस्या का समुचित हल नहीं निकाल सकता है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हुए प्रयास इस तथ्य की पुष्टि करते हैं। यही वजह है कि आस्ट्रेलिया व फ्रांस जैसे विकसित देशों में सरकारों को इस दिशा में सख्त पहल करनी पड़ी। एक ओर जहां आस्ट्रेलिया ने सोलह साल से कम उम्र वाले बच्चों की सोशल मीडिया तक पहुंच पर रोक लगायी है, वहीं फ्रांस ने पंद्रह साल से कम उम्र वाले बच्चों की सोशल मीडिया तक सीधी पहुंच को रोकने को कदम उठाये है। कुछ अन्य देशों में भी सरकारें तेजी से सख्त सीमाएं तय करने की दिशा में काम कर रही हैं। आज जहां भारत में स्मार्टफोन के इस्तेमाल की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। वैसे भारत जैसे देश जहां युवाओं की आबादी बहुत ज्यादा है, वहां डिजिटल क्रांति से पूरी तरह अलग भी नहीं रहा जा सकता। ऐसे में एक नियम से ही सबको नियंत्रित करना संभव नहीं होगा। इसके बावजूद हमें स्वीकारना होगा कि विदेशी प्लेटफॉर्मों से प्रसारित अपसंस्कृति भारतीय किशोरों को पथभ्रष्ट करने में घातक भूमिका निभा रही है। जिससे देश में किशोरों की यौन अपराधों में संलिप्तता का खतरा बढ़ रहा है। ये अपसंस्कृति न केवल समय से पहले बच्चों को वयस्क बना रही है, बल्कि उनमें मानवीय संवेदनाओं का भी क्षरण कर रही है। जो किसी भी सभ्य समाज के लिये एक गंभीर चुनौती है। खासकर भारत जैसे देश में जहां सांस्कृतिक मूल्यों व संबंधों में शुचिता को हमेशा प्राथमिकता दी जाती रही है। इस बाबत सरकार की सख्त पहल और अभिभावकों की सजगता मिलकर ही समस्या का समाधान निकाल सकती है।

# यूसीकॉन में इंदौर बना 'फ्यूचर मेडिसिन' की राजधानी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

यूसीकॉन के तीसरे दिन इंदौर में चिकित्सा विज्ञान का ऐसा भविष्य दिखाई दिया, जहां इंसानी अनुभव और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस साथ मिलकर इलाज की नई परिभाषा गढ़ते नजर आए। सुबह से ही ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर के हॉल में डॉक्टरों, सर्जनों और शोधकर्ताओं की हलचल थी। कहीं रोबोटिक सर्जरी की नई तकनीकों पर चर्चा चल रही थी, तो कहीं मशीन लर्निंग और डेटा एनालिटिक्स की मदद से बीमारी को पहले पहचानने के तरीके समझाए जा रहे थे। देश-विदेश से आए विशेषज्ञों ने माना कि



आने वाले दशक में चिकित्सा केवल हाथों की कला नहीं, बल्कि टेक्नोलॉजी की सटीकता का भी मेल होगी, और Day-3 इसी 'फ्यूचर रेडी यूरोलॉजी' को समर्पित रहा। ऑर्गनाइजिंग कमेटी के ट्रेज़रर डॉ. नितीश पाटीदार ने बताया कि इतने बड़े स्तर पर अंतरराष्ट्रीय फैकल्टी, आधुनिक उपकरण और विश्वस्तरीय सत्रों का इंदौर में होना शहर की बढ़ती मेडिकल क्षमता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि इससे मेडिकल टूरिज्म और हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को बड़ा बढ़ावा मिलेगा और इंदौर आने वाले समय में इलाज का भरोसेमंद केंद्र बनेगा। आज सुबह मेराथान का आयोजन भी किया गया।

# दीपों की जगमगाहट मां अन्नपूर्णा के भक्तों ने देखी

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। अन्नपूर्णा मंदिर के स्थापना दिवस पर श्रद्धालुओं ने दीपो से जगमगाए अन्नपूर्णा मंदिर परिसर की रौनक चमक को देखा। वहीं श्रृंगारित माताओं के दर्शन और छप्पन भोग दर्शन भी किए। नवचंडी पाठ और महाआरती में भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे, प्रसादी का लाभ भी लिया। स्वामी विश्वेश्वरानन्दगिरि के सानिध्य में आयोजन किया गया।

# गीता के आयामों पर होंगे प्रवचन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

आध्यात्मिक उत्सव के अन्तर्गत 6 से 8 फरवरी तक गीता के विभिन्न आयामों पर प्रवचन का आयोजन गीता सत्संग के अन्तर्गत कनाड़िया रोड स्थित छावछरिया सभागृह में रोजाना दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक प्रवचन होंगे। महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानन्द इस आयोजन के लिए इंदौर आएंगे। आयोजन की तैयारियां शुरू हो गई है। आयोजन से प्रदीप मित्तल, कुलभूषण मित्तल कुक्की जुड़े हैं। आयोजन में विनोद अग्रवाल, विमल तोड़ी, पवन सिंघानिया, दिनेश मित्तल, टीकमचंद गर्ग, अचल चौधरी, एसएन गोयल, योगेन्द्र जैन बाबा मौजूद रहेंगे।

# पुराने विवाद में नाबालिग ने युवक पर चाकू से किया हमला

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। बाणगंगा थाना क्षेत्र के वाल्मीकि नगर में आपसी रंजिश के चलते एक नाबालिग और उसके साथी ने मिलकर एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने युवक का रास्ता रोककर पहले गाली-गलौज की और फिर विरोध करने पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। हमले में युवक लहूलुहान हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस ने नाबालिग आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, घटना वाल्मीकि नगर की एक गली में हुई। घायल विक्रम पिता दिलीप सूर्यवंशी (31) ने बताया कि वह रास्ते से गुजर रहा था, तभी इलाके के ही एक 17 वर्षीय नाबालिग और उसके साथी ने उसे रोक लिया। दोनों पुराने झगड़े की बात को लेकर उसे गालियां देने लगे। जब विक्रम ने आपत्ति जताई, तो आरोपियों ने उसे पकड़ लिया और नाबालिग ने अपनी पैंट की जेब से चाकू निकालकर विक्रम के पेट और जांघ पर वार कर दिया।

विक्रम की चीख-पुकार सुनकर उसके परिवार के लोग बाहर आए, जिन्हें देखकर आरोपी मौके से भाग निकले। भागते समय आरोपियों ने धमकी दी कि 'आज तो बच गया, आइंदा उलझा तो जान से खत्म कर देंगे।' बाणगंगा पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार किसान की मौत

### चार मासूम बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। मानपुर थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार काफी दूर जाकर गिरा और उसके सिर व शरीर पर गंभीर चोटें आईं। इस घटना के बाद मृतक का पूरा परिवार बिखर गया है और उसके चार मासूम बच्चे बेसहारा हो गए हैं।

ग्राम गुलजार जीरी (मानपुर) का रहने वाला 32 वर्षीय जितेंद्र पिता मोहन कल अपनी बाइक से काम निपटाकर घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में एक अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद राहगीरों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। परिजन उसे लहूलुहान हालत में तुरंत इंदौर के एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन वहां परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।मृतक जितेंद्र पेशे से किसान था और खेती-किसानी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था।

# घर पर मिला खौफनाक पार्सल

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक महिला के घर पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा भेजा गया एक संदिग्ध पार्सल पहुँचा। पार्सल खोलते ही महिला के होश उड़ गए; डिब्बे के अंदर एक पिस्टल और जान से मारने की धमकी वाला पत्र रखा हुआ था। सरेराह इस तरह हथियार के साथ धमकी मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

द्वारकापुरी पुलिस के मुताबिक घटना सुबह करीब 7:30 बजे की है। क्षेत्र में रहने वाली महिला मनीषा पटेल के घर पर एक अज्ञात व्यक्ति आया और पार्सल देकर चला गया। महिला ने जब सामान्य समझकर पार्सल खोला, तो उसमें एक अवैध पिस्टल और एक पत्र मिला। पत्र में महिला को बेहद डरावने लहजे में जान से मारने की धमकी दी गई थी। घबराई हुई महिला ने तुरंत इसकी सूचना परिजनों और पुलिस को दी।सूचना मिलते ही द्वारकापुरी थाना पुलिस मौके पर पहुँची और पार्सल सहित पिस्टल को अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने फरियादिया की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि उस व्यक्ति की पहचान की जा सके जो पार्सल देने आया था।

### उद्देश्य और आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

पुलिस इस बात की गहराई से जांच कर रही है कि यह किसी पुरानी रंजिश का परिणाम है या महिला को डराने के लिए किसी ने यह साजिश रची है। पिस्टल असली है या नकली, इसकी भी फॉरेंसिक जांच कराई जा रही है। थाना प्रभारी का कहना है कि आरोपी की पहचान जल्द कर ली जाएगी और इस तरह की दहशत फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# तीन नाबालिगों को अज्ञात बदमाश बहला-फुसलाकर ले गए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

अलग अलग थाना क्षेत्रों से नाबालिगों के अपहरण के तीन मामले सामने आए हैं। तीनों ही प्रकरणों में अज्ञात व्यक्ति बच्चों को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

क्षिप्रा थाना क्षेत्र के ग्राम अर्जुन बरोदा स्थित एक फार्महाउस से 16 वर्ष 8 माह की नाबालिग लड़की को अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया। इस मामले में प्रकरण दर्ज किया है। वहीं हीरानगर थाना क्षेत्र के बजरंग नगर से 15 वर्षीय नाबालिग लड़के को अज्ञात आरोपी अपने साथ ले गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर बच्चे की तलाश शुरू कर दी है। जबकि एमआईजी थाना क्षेत्र में से 13 वर्षीय नाबालिग को अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया। पुलिस का कहना है कि सभी मामलों में संभावित स्थानों पर तलाश की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# सीरीज में इन खिलाड़ियों का चला सिक्का

**तिरुवनंतपुरम।** भारत की जीत के साथ इंडिया वर्सेस न्यूजीलैंड टी20 सीरीज का अंत हुआ। तिरुवनंतपुरम में खेले गए आखिरी टी20 में भारतीय बल्लेबाजों समेत गेंदबाजों ने भी गदर काटा। ईशान किशन के शतक और कप्तान सूर्यकुमार यादव की तूफानी अर्धशतकीय पारी के दम पर पहले भारत ने 271 रन बोर्ड पर लगाए, इसके जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 225 रनों पर सिमट गई। अर्शदीप सिंह ने पंजा खोल कीवियों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। इस सीरीज के दौरान बल्लेबाजों का अधिक बोलबाला रहा। ईशान किशन और सूर्यकुमार यादव के अलावा अभिषेक शर्मा ने भी खूब रन बनाए।




सीरीजी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप-5 बल्लेबाज न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले खराब फॉर्म से जूझ रहे भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव इस सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। जी हां, सूर्यकुमार यादव ने भले ही सीरीज के दौरान कोई प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड नहीं जीता हो, मगर सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाकर वह प्लेयर ऑफ द सीरीज जरूर बने। सूर्यकुमार यादव ने अभिषेक शर्मा और ईशान किशन से भी ज्यादा इस सीरीज में रन बनाए। उन्होंने 5 में से तीन मैचों में अर्धशतक जड़ा।

सूर्यकुमार यादव और ईशान किशनछभारत और न्यूजीलैंड टी20 सीरीज में ये दो ऐसे बल्लेबाज रहे, जिन्होंने 200 रन का आंकड़ा पार किया। अभिषेक शर्मा तीसरे पायदान पर रहे। वहीं टॉप-5 बल्लेबाजों की इस लिस्ट में ग्लेन फिलिप्स और डेरिल मिशेल दो न्यूजीलैंड के बल्लेबाज भी शामिल हैं।

सूर्यकुमार यादव- 242, ईशान किशन- 215, अभिषेक शर्मा- 182, ग्लेन फिलिप्स- 176, डेरिल मिशेल- 125।

**सीरीजी में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले टॉप-5 गेंदबाज–** अर्शदीप सिंह ने आखिरी मुकाबले में 5 विकेट हॉल लेकर टॉप-5 गेंदबाजों की इस लिस्ट में बाजी मार ली है। अर्शदीप सिंह 8 विकेट के साथ इस सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले गेंदबाज रहे। टॉप-5 गेंदबाजों की इस लिस्ट में तीन नाम न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों के भी है। वहीं मात्र 2 मुकाबले खेलकर भी अक्षर पटेल यहां अपनी जगह बनाने में कामयाब रहे हैं।

अर्शदीप सिंह- 8, जेकब डफी- 6, मिचेल सेंटनर- 5, ईश सोढ़ी- 5, अक्षर पटेल- 4



# शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** 'सीखें संस्था' एवं जिला शिक्षा केंद्र समग्र शिक्षा अभियान व कलेक्टर कार्यालय इंदौर के सहयोग से टीचर इनोवेटर प्रोग्राम के अंतर्गत इंदौर जिले के 263 प्राथमिक शिक्षकों का भाषा एवं गणित विषय पर 28 से 31 जनवरी को प्रत्येक विषय मे दो दिवसीय प्रशिक्षण स्वामी विवेकानंद हायर सेकेण्ड्री विद्यालय रेसकोर्स रोड़ इंदौर में आयोजित किया गया। सीखें संस्था के स्टेट लीड कॉसमॉस जोसेफ द्वारा संस्था के कार्य और प्रशिक्षण के उद्देश्यों को बताया गया । मास्टर ट्रेनर समीर वारनकर, अश्विनी शाह, विकास प्रजापति, द्वारा बच्चों को कहानी लेखन, प्रदर्शनी लगाना व भिन्न को पढ़ाने के सरल तरीकों पर शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। अशोक मेहंदिया, फिरोज खान, कालू चौहान, शुभम प्रजापति,रहिना लोधी, भरत लोवंशी, नौशाद खान, हरिओम, रूचि तलवरे की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही। मनोज खोपकर, राजेंद्र कुमार लूनिया, आबिद अली ने प्रशिक्षण देखा।

# इंदौर की मुस्कान ने नेशनल कबड्डी में टॉप-5 डिफेंडर्स में बनाई जगह

**इंदौर।** 72वीं सीनियर नेशनल महिला कबड्डी चैंपियनशिप में इंदौर वांडर्स, इंदौर की प्रतिभाशाली खिलाड़ी मुस्कान शर्मा ने शानदार डिफेंस का प्रदर्शन करते हुए देश की टॉप-5 डिफेंडर्स में स्थान बनाकर इंदौर व मध्य प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर इंदौर वांडर्स परिवार में हर्ष का माहौल है। संगठन के संरक्षक दीपक जोशी (पिंटू), अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी व विक्रम अवॉर्डी धनंजय शर्मा, प्रकाश गोड़, चेयरमैन रमेश सेन, गोरधन गहेरवाल, ब्रजेश बागोरा, अनिल गोड़, विदूसी व्यास एवं उज्जवला काठमोरे ने मुस्कान को इस ऐतिहासिक सफलता पर हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। इंदौर वांडर्स परिवार को विश्वास है कि मुस्कान शीघ्र ही भारतीय टीम में स्थान बनाकर देश का गौरव बढ़ाएगी।

# विश्व रॉ पावरलिफ्टिंग में आईपीएस एकेडमी के विशाल धाकड़ को स्वर्ण पदक

**इंदौर।** वियतनाम में आयोजित विश्व रॉ पावरालिफ्टिंग चैंपियनशिप में आईपीएस एकेडमी के प्रतिभाशाली खिलाड़ी विशाल धाकड़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर जूनियर 74 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीत लिया। इस ऐतिहासिक जीत के साथ विशाल ने भारत और प्रदेश का नाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर रोशन किया।

विश्व स्तर की इस प्रतियोगिता में कई देशों के शीर्ष खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, लेकिन विशाल धाकड़ ने अपने दमदार प्रदर्शन, तकनीकी दक्षता और मानसिक मजबूती के बल पर पहला स्थान हासिल किया। इसके साथ ही उन्होंने वर्ल्ड स्ट्रॉन्ग मैन ट्रॉफी भी अपने नाम की।

आईपीएस एकेडमी, इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड साइंस, इंदौर से जुड़े विशाल की इस उपलब्धि को प्रदेश के खेल इतिहास में बड़ी सफलता माना जा रहा है। उनकी इस जीत से राज्य के युवा खिलाड़ियों में नया उत्साह देखने को मिल रहा है। आईपीएस एकेडमी के प्रेसिडेंट आर्किटेक्ट अचल चौधरी ने विशाल की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत संस्थान और प्रदेश दोनों के लिए गर्व का विषय है। वहीं, प्रिंसिपल डॉ. अर्चना कीर्ति चौधरी ने कहा कि विशाल की सफलता यह सिद्ध करती है कि निरंतर अभ्यास, अनुशासन और समर्पण से विश्व स्तर पर भी बड़ी उपलब्धियाँ हासिल की जा सकती हैं।

# उलटफेर कर आदित्य और डेविस बने एकल चैंपियन

**इंदौर ।** मध्यप्रदेश टेनिस एसोसिएशन द्वारा आयोजित व यलो डायमंड द्वारा प्रायोजित इंटरनेशनल वर्ल्ड टेनिस टूर जूनियर आईटीएफ जे-60 ग्रेड-4 टेनिस चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबलों में भी उलटफेर हुए बालक वर्ग में चैथी वरीयता प्राप्त आदित्य मोर और बालिका वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त ग्रेट ब्रिटेन की डेविस कापानिक ने खिताब अपने नाम किए।

इंदौर टेनिस क्लब में खेली गई इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय टेनिस स्पर्धा में बालक एकल का फाइनल मुकाबला बेहद उतार-चढ़ाव वाला रहा। जिसमें चैथी वरीयता प्राप्त आदित्य मोर ने तीसरी वरीयता प्राप्त देव विपुल पटेल को तीन सेटों के मुकाबले में 7-6(4), 3-6, 6-2 से पराजित किया।

वहीं बालिका एकल का खिताबी मुकाबला भी उलटफेर वाला रहा। दोनों विदेशी खिलाड़ी फाइनल खेल रही थी और मुकाबला जोरदार होने की उम्मीद की जा रही थी, लेकिन दूसरी वरीयता प्राप्त ग्रेट ब्रिटेन की डेविस कापानिक ने डेनमार्क की कैरोलिन हार्मस को सीधे सेटों में 6-0, 7-5 से पराजित किया उलटफेर किया और खिताब अपने नाम कर लिया।

पुरस्कार वितरण जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर भारतीय टेनिस महासंघ के महासचिव अनिल धूपर, म.प्र. टेनिस संघ के अध्यक्ष अनिल महाजन, टूर्नामेंट डायरेक्टर अर्जुन धूपर, चीफ रैफरी एंटोन डिसूजा उपस्थित थे। संचालन इरफान अहमद ने किया। विजेता-उपविजेता खिलाड़ियों को आकर्षक ट्रॉफी व मोमेंटो दिए गए।

# महाराष्ट्र को हराकर मध्य प्रदेश अंतिम आठ में

**इंदौर ।** गेंदबाज कुमार कार्तिकेय के शानदार प्रदर्शन की बदौलत मध्य प्रदेश ने शनिवार को होलकर स्टेडियम में अपने आखिरी ग्रुप बी मैच के तीसरे दिन महाराष्ट्र पर 133 रन की जीत हासिल करके रणजी ट्रॉफी के नॉकआउट स्टेज में जगह बना ली। दिन की शुरुआत 4 विकेट पर 166 रन से करते हुए, मध्य प्रदेश ने ने 76.1 ओवर में 258 रन बनाकर महाराष्ट्र को जीत के लिए 267 रन का लक्ष्य दिया। नीरज जोशी 42 और सौरभ नवाले 40 को छोड़कर, महाराष्ट्र का कोई भी बल्लेबाज कुमार कार्तिकेय की स्पनि गेंदबाजी का सामना करने की स्थिति में नहीं था। पूरी टीम ने अपने विकेट गंवा दिए और 133 रन पर ऑल आउट हो गई। मध्य प्रदेश के लिए कार्तिकेय ने 49 रन देकर 4 विकेट, आर्यन पांडे ने 17 रन देकर 4 विकेट और सारांश जैन ने 39 रन देकर 2 विकेट लिए।

# ईशान ने क्यों की विकेट कीपिंग, कप्तान ने खोला राज

**तिरुवनंतपुरम ।** सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम इंडिया ने टी20 वर्ल्ड कप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ जमकर अभ्यास किया। 5 मैच की टी20 सीरीज को भारत ने 4-1 से अपने नाम किया। सीरीज के दौरान भारत ने कई एक्सपेरिमेंट किए। इसमें सबसे बड़ा पॉजिटिव ईशान किशन रहे। ईशान किशन को न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज और टी20 वर्ल्ड कप स्क्वॉड में बतौर बैकअप विकेट कीपर जगह मिली थी। मगर वो कहते हैं ना किस्मत कब पलट जाए ये किसी को भी नहीं पता होता। तिलक वर्मा के चोटिल होने की वजह से किशन को प्लेइंग 11 में जगह मिली और इस खिलाड़ी ने मौके को दोनों हाथों से लपका।

ईशान किशन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में ताबड़तोड़ अंदाज में बैटिंग कर सिर्फ रन ही नहीं बनाए, बल्कि उन्होंने अब टीम मैनेजमेंट के लिए एक बड़ा सिरदर्द खड़ा कर दिया है।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर

(उद्यान विभाग)

E-mail: udhyanvibhag@gmail.com

निविदा विज्ञप्ति क्र.: 06/उद्यान/25-26/ग्रुप-01 से ग्रुप-01

**निविदा आमंत्रण**

दिनांक: 29.01.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https:/mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| ग्रुप क्र. | टेंडर आईडी | कार्य का नाम | लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा क्रय करने एवं खोलने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_UAD_478958_1 | मेघदूत उपवन एवं सिरपुर जी.टी.एस. स्थित ड्रम कम्पोस्टर मशीन एवं जिन्सी हॉट मैदान स्थित ओ.डब्ल्यु.सी. मशीन के 03 वर्ष संचालन/संधारण करने के बाबद। | ₹1,91,00,000/- | ₹ 12,500/-<br>₹95,500/- | 13.02.2026 6.00 PM<br>16.02.2026 10.00 AM |

**नोट :** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

उद्यान अधिकारी
उद्यान विभाग
नगर पालिक निगम, इन्दौर



## न्यायालय तहसीलदार तहसील भिचौली हप्सी, इन्दौर

क्र./1892/रीडर/2026 इन्दौर दिनांक 23/01/2026
प्रकरण क्रमांक 1426/अ-6/25-26

**-उदघोषणा-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **जयेश राजपाल पिता श्यामलाल राजपाल** पता 3 पलसीकर कॉलोनी गुरु गोविन्द सिंह मार्ग इंदौर द्वारा भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109-110 के अन्तर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर पंजीकृत विक्रय पत्र क्र. MP71 GR17522025A101134316 दिनांक 11/12/2025 के आधार पर ग्राम भिचौली हप्सी स्थित सर्वे नम्बर 426/2 व अन्य पर विकसित एन.आर. एस्टेट कॉलोनी का भूखण्ड क्रमांक के-08 क्षेत्रफल 5952 वर्गफीट भूमि पर अनावेदक अजय अग्रवाल पिता मधुसुदन अग्रवाल निवासी डी-4, एन. आर. इस्टेट भिचौलीहप्सी इंदौर के स्थान पर राजस्व रिकार्ड में नामांतरण किये जाने का निवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो वह दिनांक 6/02/26 तक अपनी आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से तहसील न्यायालय मे उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। अवधि समाप्त होने के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी।

तहसीलदार
तहसील मिचौली हप्सी, इन्दौर

# आज होने वाले फाइनल में मिलेगा इस सीजन का विजेता

**इन्दौर।** मीडिया सीरीज सीजन 15 के चार दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट की तीसरे दिन क्वाटर फाइनल में रोचक मुकाबले देखने को मिले। जिसमें 4 विजयी टीमों ने सेमी फाइनल में प्रवेश किया। आज सेमी फाइनल और फाइनल मैच खेले जा रहे है। आज होने वाले फाइनल में सीजन 15 का विजेता का सबको इंतजार रहेगा। टूर्नामेंट में कल शहर के कई गणमान्य लोगों ने अतिथि के रूप में पहुंच कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

टूर्नामेंट के आयोजक एवं इंदौर प्रेस क्लब के अध्यक्ष दीपक कर्दम ने बताया कि तीसरे दिन के पहले मुकाबले में डीबी डिजिटल एवं रीगल-बी के बीच मैच खेला गया, जिसमें डीबी डिजिटल ने जीत हासिल की। दूसरा मुकाबला मालवा जर्नलिस्ट एवं क्राइम सिटी के बीच हुआ, जिसमें क्राइम सिटी ने जीत दर्ज की। तीसरा मैच दस्तक एवं एसजेएमसी के बीच हुआ, जिसमें दस्तक ने कड़े मुकाबले में विजय हासिल की। चौथा मुकाबला प्रभात किरण एवं डिजियाना के बीच हुआ, जिसमें प्रभात किरण ने जीत दर्ज की। क्वाटर फाइनल में जीतने वाली चारों टीमों ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। रविवार को डीबी डिजिटल एवं दस्तक तथा प्रभात किरण और क्राइम सिटी न्यूज के बीच सेमी फाइनल खेला जाएगा।

टूर्नामेंट में नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, विधायक मधु वर्मा, विधायक मालिनी गौड़, पूर्व विधायक अंतर सिंह दरबार, पूर्व महापौर कृष्णमुरारी मोघे, पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह, एडिशनल डीसीपी क्राइम राजेश दंडोतिया, समाजसेवी प्रवीण कक्कड़, जय हार्डिया, एलएन यादव, रामवीर किरार, विपिन वानखेड़े, बलराम वर्मा, रमेश घाटे, रेंजर संगीता ठाकुर, आरआई दीपक पाटिल, टीआई राजकुमार यादव, मनोज सिंह ठाकुर, रमेश्वर गुप्ता, माला सिंह ठाकुर, अशोक नायक सहित बड़ी संख्या मीडिया के साथी उपस्थित थे।

# पॉवर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप में विजेता बने



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इन्दौर डिस्ट्रिक्ट क्लासिक पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में अलग-अलग वर्ग में अलग-अलग विजेता बने, जिनमें सीनियर वर्ग में आशीष यादव बेस्ट लिफ्टर, सब-जूनियर वर्ग में प्रिंस वर्मा बेस्ट लिफ्टर, जूनियर वर्ग में मनोज कुमावत बेस्ट लिफ्टर, मास्टर वर्ग में अभिषेक बड़के बेस्ट लिफ्टर, महिला वर्ग में मीना शर्मा बेस्ट लिफ्टर बनी। यह प्रतियोगिता एबीबी फिटनेस एवं जिम इन्दौर ने मार्गदर्शक इन्दौर डिस्ट्रिक्ट पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन के साथ इन्दौर डिस्ट्रिक्ट पॉवर लिफ्टिंग क्लासिक चैंपियनशिप 2026 सीनियर, जूनियर, सब-जूनियर, मास्टर्स पुरुष एवं महिला आयोजित किया गया। डॉ. एनएल बिंजवा, दिलीप मिश्रा, परामनंद पुष्पाकर, वीरू सेन, घनश्याम पाल, बृजभूषण लड़िया, मुकेश भिलवारे, कमलेश करदम, योगेंद्र हार्डिया, गोलू वर्मा, आयुष दवे, निलेश गर्ग, गोपाल पाल, हीरालाल बोरासी, शिव पांचाल, मुकुल पुष्पाकर, यशिका पुष्पाकर मौजूद थे। अतिथि विश्वजीत अहीरवाल, अंकुर तिवारी, रजत पवार थे।

# धाकड़ को स्वर्ण पदक



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** वियतनाम में आयोजित विश्व रॉ पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में आईपीएस एकेडमी के खिलाड़ी विशाल धाकड़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर जूनियर 74 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। पदाधिकारी अचल चौधरी, प्राचार्य डॉ. अर्चना कीर्ति चौधरी ने बधाइयां दी।

# एमपी ओवरऑल चैंपियन



**इंदौर।** सुपर मास्टर गेम्स और स्पोर्ट्स फेडरेशन इंडिया द्वारा पुणे चिंचवड में 27 से 31 जनवरी तक आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश ने तीसरी बार गोल्ड मेडल प्राप्त किया है, इससे पूर्व गोवा एवं धर्मशाला में मध्य प्रदेश को गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ था। इसी प्रकार महिला वर्ग में थी सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ है। कप्तान राजेंद्र यादव, दुर्लभ खटोलिया, विपिन जोशी, ओमप्रकाश बेड़ा, विजय योगी, मन्नालाल बिंदोरिया, महेंद्रगौड़, सुनील ठाकुर, देवकीनंदन गौड़, नारायण सिंह गहलोत, विजय उत्तेकर, राम प्रकाश गौतम, शाहिद खान, पुरुषोत्तम राठौर टीम के सदस्य रहे। इस जीत पर मध्य प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के दीपक जोशी पिंटू, मोहन चौहान, जेसी शर्मा, अमानत खान, श्रवण यादव, दयाल सिंह बैंस व सभी कबड्डी क्लब के पदाधिकारियों खिलाड़ियों द्वारा बधाई दी गई।

# सिया, विराज ने जीते पदक

**इंदौर।** नर्मदापुरम में खेली गई राज्य स्तरीय खेलो एम.पी. ताइक्वांडो प्रतियोगिता में इंदौर ताइक्वांडो डेवलपमेंट एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने 2 स्वर्ण व 2 कांस्य पदक अपने नाम किया। जिसमें सिया जोशी (-42) किलो वर्ग में विराज सिंह (-78) किलो वर्ग में स्वर्ण पदक अर्जित किया। वहीं वागीशा डामोर (-46) किलो वर्ग में रौनक नवेल (-55) किलो वर्ग में कांस्य पदक अर्जित किया। प्रतियोगिता के कोच मनीष जोशी रहे। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रशांत महंत, सचिव विकास सिमरैया व सभी पदाधिकारी ने बधाई दी।

# राजसिंह डूंगरपुर ट्रॉफी पर उप्र का कब्जा

**इंदौर।** मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित मध्यक्षेत्र राजसिंह डूंगरपुर ट्रॉफी बॉयस अण्डर 14 फायनल मैच 28 से 30 जनवरी को उत्तरप्रदेश और राजस्थान टीम के बीच इन्दौर के डेली कॉलेज क्रिकेट ग्राउण्ड पर खेला गया।




राजस्थान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। पूरी टीम 53.3 ओवर में 218 रन ही बना पाई। पुनीत यादव ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 108 बॉल में 71 रन बनाये, जिसमें 14 चौके शामिल हैं। मुकुल कौशिक ने भी राजस्थान को सम्मानजनक स्कोर पहुंचाने में 33 रनों का योगदान दिया। उत्तरप्रदेश की ओर से अर्नव ब्लोटिया ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 40 रन देकर 3 विकेट हासिल किये। मोहम्मद शेरान और सौरभ वर्मा ने भी 2-2 विकेट लिये।

जवाब में उत्तरप्रदेश ने 134.1 ओवर में 590 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया, जिसमें हर्ष सिंह ने अपनी मैराथन पारी में 264 बॉलों में 28 चौकों की सहायता से 188 रन बनाये। आयुष्मान यादव ने 157 रनों का 25 चौकों के साथ योगदान दिया। कप्तान अर्नव ब्लोटिया ने अपने फार्म को बरकरार रखते हुए 85 रनों का योगदान दिया और उत्तरप्रदेश ने राजस्थान पर 372 रनों की लीड बनाई। राजस्थान के लिए अभिमन्यु चौधरी और गौरव पुनिया ने 3-3 विकेट हासिल किये।

राजस्थान ने अपनी दूसरी पारी में मैच समाप्ति तक 59 ओवरों में 5 विकेट खोते हुए 234 रन बनाये, जिसमें मुकुल कौशिक की साहसिक नाबाद 110 रन की पारी से वे यह मैच ड्रॉ कराने में सफल हुये। उत्तरप्रदेश ने पहली पारी की बढ़त से इस ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

पुरस्कार वितरण डेली कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल श्री सोमेन सिंह बाबू और मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सुधीर आसनानी के हाथों हुआ। इस समारोह के समय मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष संजीव दुआ और मैनेजिंग कमेटी सदस्य राजीव रिसोड़कर तथा प्रसून कनमड़ीकर भी उपस्थित थे।

उत्तरप्रदेश के कप्तान अर्नव ब्लोटिया फायनल में मैन ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे। उन्होंने स्पर्धा की 6 पारियों में 546 रन बनाए और 6 विकेट भी लिए ।

# इंदौर के खिलाड़ियो का शानदार प्रदर्शन

**इंदौर।** भोपाल के टी टी नगर स्टेडियम में आयोजित खेलो एम पी एथलेटिक्स प्रतियोगिता में इंदौर के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्श करते हुए तीन स्वर्ण तीन रजत तथा एक कांस्य पदक जीते। इंदौर जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव गोविन्दा चिंतामण ने बताया कि दिशा तिवारी ने गोल फेक में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। मंथन काग ने 100 मीटर दौड़ ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही बालक वर्ग मध्यप्रदेश के सबसे तेज धावक होने का गौरव प्राप्त किया। साथ ही देव मलिक ने 3000 मीटर में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। अंजली बागरी ने 400 मीटर बाधा दौड़ में दूसरा स्थान तथा ग्रेसी मार्टिन ने भी 100 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक जीता। श्रद्धा ने बालिकाओं की ऊंची कूद में द्वितीय स्थान और स्तुति जायसवाल ने लॉन्ग जंप में तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं कांस्य पदक जीता। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर अध्यक्ष दीपक जोशी, शर्मिला तेजावत, रीना चौहान, भावना गौड़, खुशबू पाटीदार, जितेंद्र गौड़, विनोद कुमावत, दीपक, गौरव, मिलन मांडलिक, मनीष जरिया ने बधाई शुभकामनाएं दी।

# आराध्य की घातक गेंदबाजी से एमवायसीसी सेमीफाइनल में

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**




आईडीसीए द्वारा आयोजित एवं एमपीसीए द्वारा प्रायोजित एमपीसीए ए ग्रेड अंडर-13 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत एमवायसीसी एवं एमबीसीए के मध्य क्वार्टर फायनल मैच खेला गया जिसमें एमबीसीए ने पहले खेलते हुए अपनी पहली पारी में 15 ओवरो में सभी विकेट खोकर मा. 36 रन बनाये। आराध्य वर्मा ने घातक गेंदबाजी करते हुए मात्र 10 रन देकर 6 महत्वपूर्ण विकेट लिये । जवाब में एमवायसीसी ने अपनी पहली पारी में 46 ओवरो में सभी विकेट खोकर 173 रन बनाये 137 रना की बढत प्राप्त की । रूद्र मुकाती ने 86 रन एवं सौरव कुशवाह न 30 रन बनाये। प्रशांत राजपुत ने 8 विकेट लिये । एमबीसीए ने अपनी दूसरी पारी में 18 ओवरो में सभी विकेट खोकर मात्र 58 रन ही बना पाई और यह मैच 1 पारी और7 79 रनों के विशाल अंतर से हार गई । आराध्य वर्मा ने दूसरी पारी में भी 20 रन देकर 6 विकेट हासिल किये और इस मैच में कुल 12 विकेट लेकर अपनी टीम को सफलता दिलाई इसके साथ ही अक्षय यादव ने भी 4 विकेट लिये ।

## अरमान की घातक गेंदबाजी से नायर क्रिकेट एकेडमी सेमीफायनल में



इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच नायर क्रिकेट एकेडमी एवं श्रीराम स्पोटस के मध्य खेला गया जिसमें एनसीए ने अपनी पहली पारी में 42 ओवरो में सभी विकेट खोकर 132 रन बनाये। जयदीप राठौर ने 91 रनों का योगदान दिया । इजान खान ने 4 विकिट एवं भव्य गोठी ने 3 विकेट लिये । जवाब में श्रीराम स्पोर्टस की टीम 29 ओवरो में 103 रनों पर सिमट गई इस तरह एनसीए को 39 रनों की महत्वपूर्ण बढत प्राप्त हुई । आरव ने 52 रन बनाये। अरमान खनूजा ने घातक गेंदबाजी करते हुए 7 विकेट लिये । जवाब में एनसीए ने अपनी दूसरी पारी में 47 ओवरो में सभी विकेट खोकर 105 रन बनाये और श्रीराम स्पोर्टस के समक्ष 144 रनों का लक्ष्य दिया । जयदीप राठौर ने दूसरी पारी में भी 79 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली । लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीराम स्पोर्टस अपनी दूसरी पारी में भी 42 ओवरो में 109 रनों पर सिमट गई और यह मैच 35 रनों से हार गई । अरमान खनूजा ने दूसरी पारी में भी 3 विकेट लेकर पूरे मैच में 10 विकेट हासिल किये ।

# शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

## अब आरोपी शादी के वादे से मुकरा, देने लगा जान से मारने की धमकी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

भंवरकुआं थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ धोखे और ज्यादती का मामला सामने आया है। एक युवक ने युवती को शादी का प्रलोभन देकर लंबे समय तक उसका शारीरिक शोषण किया और अब अपने वादे से मुकर गया है। इतना ही नहीं, विरोध करने पर आरोपी पीड़िता को बदनाम करने और जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

भंवरकुआं पुलिस के मुताबिक, 22 वर्षीय पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि साल 2023 में उसकी दोस्ती अपने ही मोहल्ले में रहने वाले सचिन पिता यशपाल चौहान निवासी जिला खंडवा से हुई थी। सचिन ने युवती को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया और शादी करने का वादा किया। पीड़िता का आरोप है कि इस दौरान सचिन कई बार उसके हॉस्टल में आया और शादी का झांसा देकर उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए।जब पीड़िता ने सचिन पर शादी करने का दबाव बनाया, तो उसने साफ इनकार कर दिया। आरोपी ने न केवल शादी से मना किया, बल्कि पीड़िता को यह कहकर धमकाया कि यदि उसने किसी को बताया तो वह उसे बदनाम कर देगा। पीड़िता का यह भी आरोप है कि आरोपी अब उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है, जिससे वह काफी डरी हुई है।परेशान होकर पीड़िता ने भंवरकुआं थाने पहुँचकर अपनी आपबीती सुनाई। पुलिस ने आरोपी सचिन चौहान के खिलाफ दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी देने सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

## राजीनामा से मना किया तो युवती को पीटा, समझौते का बना रहा था दबाव

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। द्वारकापुरी इलाके में विवाद के एक पुराने मामले में राजीनामा न करना एक युवती को भारी पड़ गया। आरोपी ने युवती का रास्ता रोककर उसे केस वापस लेने के लिए धमकाया और इनकार करने पर उसके साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

द्वारकापुरी पुलिस के मुताबिक, पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी नितिन पिता पारसमल जैन निवासी द्वारकापुरी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी नितिन के साथ उसका पूर्व में कोई विवाद हुआ था, जिसका मामला चल रहा है। आरोपी लगातार उस पर केस वापस लेने और समझौता करने का दबाव बना रहा था। जब पीड़िता ने राजीनामा करने से साफ मना कर दिया, तो आरोपी ने उसके साथ अभद्रता करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी कि यदि केस खत्म नहीं किया तो अंजाम बुरा होगा।

### दिल से दौड़े, दिल के लिए...

# विजयवर्गीय ने दिखाई मैराथन को हरी झंडी

## म्यूजिक पर दौडे और थिरके भी



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। एकेडमी ऑफ इन्दौर मैराथनर्स के तत्वावधान में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया इन्दौर मैराथन का आयोजन किया गया। दिल से दौड़े, दिल के लिए थीम पर मैराथन का आयोजन किया गया। सुबह 6 बजे नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया। 20 हजार से अधिक धावक अलग-अलग किलोमीटर की दौड़ में शामिल हुए।**

सबसे बडी दौड़ 21 किलोमीटर की थी वहीं 10, 5 और 3 किलोमीटर की दौड़ श्रेणी में शामिल थी। इसके लिए सुबह 9 बजे तक शहर के कुछ मार्गों पर ट्राफिक भी बंद रहा। 21एवं 10 किलोमीटर की दौड नेहरू स्टेडियम, 5 किलोमीटर की दौड़ राजबाडा और 3 किलोमीटर की दौड़ यशवंत क्लब से शुरू हुई। सभी श्रेणियों की दौड़ का समापन नेहरू स्टेडियम पर किया गया। धावकों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए मैराथन रुट पर जगह-जगह डाक्टर की टीम तैनात थी। पलासिया चौराहा पर हाईड्रेशन पाइंट भी बनाया गया था, कई जगह पानी की बाटल वितरित की गई। 21 किलोमीटर की दौड़ सुबह 4.45 बजे तो 3 किलोमीटर की दौड़ सुबह 7 बजे शुरू हुई। राजबाडा पर म्यूजिक पर मैराथनर्स थिरकते हुए नजर आए।



# दिल के लिए दौड़े और दिल ने ही दे दिया धोखा!

## मैराथन की फिनिश लाइन से 100 मीटर पहले गिरा युवक, मौत, सीपीआर दिया पर नहीं बची जान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। शहर में रविवार सुबह आयोजित मैराथन खुशियों और जोश के बीच एक दुखद घटना हो गई। दौड़ पूरी करने से मात्र कुछ ही कदम की दूरी पर 26 वर्षीय युवक की अचानक तबीयत बिगड़ गई। कई कोशिशों के बाद उसे नहीं बचाया जा सका। वह मूलरूप से दिल्ली का रहने वाला है। इंदौर में रिश्तेदार के साथ कारोबार करता है।**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मैराथन में आर्यन तोड़ी ने भाग लिया था। वह 21 किलोमीटर की दौड़ में शामिल था। घटना सुबह करीब 8.45 बजे की है। दौड़ नेहरू स्टेडियम पर पूरी होनी थी, महज कुछ कदम दूर आर्यन अचानक गिर गया। मौके पर मौजूद प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. भरत रावत जो उस समय आर्यन के पीछे ही थे ने तुरंत स्थिति को संभाला। डॉ. रावत ने मौके पर ही आर्यन को सीपीआर देकर बचाने का भरपूर प्रयास किया। आर्यन को तत्काल एम्बुलेंस के जरिए एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन और परिचित उम्मीद में उसे बॉम्बे हॉस्पिटल भी लेकर पहुंचे, लेकिन वहां भी डॉक्टरों ने उसकी मृत्यु की पुष्टि की। समाजसेविका कुसुम नवाल ने बताया कि युवक को बचाने के लिए डॉ. रावत ने कई प्रयास किए, लेकिन उसे नहीं बचाया जा सका। नवाल के अनुसार वह दिल्ली का रहने वाला है और उसके पिता हरीश तोड़ी दिल्ली से इंदौर के लिए रवाना हो चुके हैं। प्रारंभिक जांच में मौत का कारण कार्डियक अरेस्ट (हार्ट अटैक) माना जा रहा है। हालांकि, पुलिस का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही होगा। कुल मिलाकर यह दौड़ की थीम दिल से दौड़े...दिल के लिए थी और आर्यन के दिल ने ही धोखा दे दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मैराथन आयोजन समिति के सदस्य और पुलिस अधिकारी अस्पताल पहुंचे।

## आइशर वाहन में ठूंस-ठूंस कर ले जाए जा रहे मवेशी, पुलिस ने पकड़ा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** राऊ थाना क्षेत्र में पशु क्रूरता का मामला सामने आया है। गोल चौराहा के पास जांच के दौरान एक आइशर वाहन में अमानवीय तरीके से पशुओं का परिवहन करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। राऊ थाना पुलिस ने बताया कि 31 जनवरी की शाम करीब 5:30 बजे गोल चौराहा के पास वाहन नम्बर एमपी 13 जेडएफ 6252 को रोका। जांच में वाहन में भैंस के 14 पाड़े–पाड़ियों को ठूंस-ठूंस कर भरा पाया गया, जिनमें से दो पाड़े–पाड़ियां नीचे गिरे पड़े थे। इस मामले में उज्जैन जिले के तराना निवासी 22 वर्षीय आरोपी के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम की धारा के तहत प्रकरण दर्ज कर वाहन जब्त किया है। पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# ऑटो चालक से की लूट

# जेल रोड से सवारी बनकर बैठे बदमाशों ने सूने इलाके में दिया वारदात को अंजाम

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** चंदन नगर थाना क्षेत्र में सवारी बनकर ऑटो में बैठे दो बदमाशों ने एक चालक को अपना निशाना बनाया। बदमाशों ने सिरपुर के समीप अंधेरे का फायदा उठाकर ऑटो रुकवाया और चालक के साथ मारपीट कर मोबाइल व नकदी लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात लुटेरों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

चंदन नगर पुलिस के मुताबिक, व्यासनगर निवासी हीरालाल पिता लालजीराम नामदेव अपना ऑटो (क्रमांक एमपी-09डीझेड-6531) चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। हीरालाल ने पुलिस को बताया कि वे जेल रोड पर सवारी का इंतजार कर रहे थे, तभी दो अज्ञात युवक उनके ऑटो में बैठे। युवकों ने उन्हें गंतव्य तक चलने को कहा, लेकिन रास्ते में उनकी नीयत बदल गई।जब ऑटो धार रोड स्थित सिरपुर क्षेत्र में पांडे बस सर्विस के थोड़ा आगे पहुँचा, तो वहां सड़क पर अंधेरा देख बदमाशों ने रिक्शा रुकवाया। जैसे ही हीरालाल ने ऑटो रोका, एक बदमाश ने उन्हें पीछे से मजबूती से पकड़ लिया ताकि वे शोर न मचा सकें। इसी बीच दूसरे बदमाश ने उनकी जेब में हाथ डालकर मोबाइल फोन और करीब 6000 रुपये नकद जबरदस्ती निकाल लिए।

वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग निकले।लूट का शिकार हुए चालक ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। चंदन नगर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट का प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस अब जेल रोड और सिरपुर क्षेत्र के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि हुलिए के आधार पर बदमाशों की पहचान की जा सके। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।